RNI. NO. RAJHIN/2021/82156 डाक पंजीयन संख्याः RJ/ALW/866/23-25

# वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा

जज्बा सच दिखाने का

वर्ष -05 | अंक -19 | मूल्य: 2.00 रू. | अलवर, गुरूवार 3 अप्रेल, 2025 | प्रभात संस्करण | कुल पेज- 10

WWW.Voiceofpratigya.com | Twitter.com/Voiceofpratigya | facebook.com/Voiceofpratigya | YouTube.com/Voiceofpratigya | Instagram- Instagram.com/Voiceofpratigya | 9414508610 | pratigya.alwar@gmail.com







## कोटा, सीकर, दिल्ली व जयपुर की बेहतरीन फैकल्टी द्वारा अध्ययन करवाने वाला बानसूर का एकमात्र संस्थान

### JEE ADVANCED-2024



AIR : 1319 जिला टॉपर

IIT KANPUR

AMAN YADAV
S/o Ranjeet Yadav
Village : Bahram ka Bas

## AClans DIAMOND'S

### JEE MAIN-2025 JAN. (SESSION-1)



99.22 %ile With Bio
BHAVESH YADAV
S/o Suresh Kumar
Chhaja Ka Nangal (Neemkathana)
With Bio (Additional Math)



94.16 %ile
RAHUL VERMA
S/o Manoj Verma
Village : Balawas



92.69 %ile With 12th
DIPENDRA CHOUDHARY
S/o Vikram Singh
Village :Basna
Class : 12th Bio (Additional Math)



90.16 %ile
SHUBHAM JANGIR
S/o Jitendra Jangir
Village : Harsora

### NEET (UG)-2024



Govt. Medical College, Hanumangarh
KASHISH AGARWAL
D/o Vijay Agarwal
Village : Bansur



Govt. Medical College, Churu(Raj.)
KIRAN YADAV
D/o Hawa Singh Yadav
Village : Mundali (Bansur)



Govt. Medical College, JAMNAGAR (Guj.)
VIDHYA SAINI
D/o Rohitash Saini
Village : Bansur

### SILENT FEATURES

- hard work with personal Care.
- Result Oriented Study & Regular Test
- Highly Competitive Study Meterial
- Highly Experienced & Stable Faculty Team
- Online Exam Facility & Doubt Counter
- Fully AC Campus

GIRLS & BOYS SEPARATE LIBRARY & HOSTEL FACILITY



ASHA MEHAR YADAV
Director, ACI

ADMISSION OPEN



MANOJ SINGHAL
M.D., ACI

AYUSH CAREER INSTITUTE PRIVATE LIMITED ACI BANSUR

# ATSE-2025

## SCHOLARSHIP CUM ADMISSION TEST

Upto 1.5 Crore Scholarship

एवं लाखों का CASH PRIZE

Other Prize : ATSE Certificate for All Participant Medal & Memento for top 100 Students

# प्रतिभा खोज परीक्षा

Who can Apply | कौन आवेदन कर सकता है।
CLASS 10,11,12,12+ CBSE & RBSE STUDENTS
EXAM MODE : OFFLINE | EXAM PATTERN : OBJECTIVE (As per Class Syllabus)

EXAM CENTER: ACI CAMPUS, BANSUR
TIME : 9.30 AM to 1.00 PM

Registration Fee : FREE

Reporting Time 9.00 AM

Registration Process | आवेदन प्रकिया

ONLINE : 9783519502 मोबाइल नम्बर पर ACI लिखकर व्हाट्सएप करें प्राप्त लिंक से फार्म भरें।

OFFLINE : ACI ऑफिस, बानसूर से रजिस्ट्रेशन फार्म प्राप्त कर भर सकते है।

CASH PRIZE

| 1st RANK | 2nd RANK | 3rd RANK |
|---|---|---|
| ₹3100/- | ₹2100/- | ₹1100/- |

Exam Date :
Phase-I : SUNDAY, 30 MARCH 2025
Phase-II : SUNDAY, 06 APRIL 2025

Last Date of Registration
Phase-I - 29 MARCH 2025
Phase-II - 05 APRIL 2025

# ACI BANSUR

NEET | IIT-JEE | FOUNDATION | BOARDS | B.Sc. NURSING

Near Harsora by pass, Kotputli Road, BANSUR (Kotputli-Behror)

9783925501, 9783519502, 9352206326

acibansur@gmail.com | ACI BANSUR

# गर्मी में पक्षियों के लिए विद्यार्थियों ने लगाए परिंडे



वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा खैरथल

राजकीय महाविद्यालय खैरथल में विद्यार्थियों ने जीवों के प्रति संवेदना दर्शाते हुए पेड़ों पर परिंडे बांधे। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपक चंदवानी ने बताया कि छात्र नीरज और पंकज ने युवाओं को प्रेरित किया, जिससे गर्मी की शुरुआत होते ही महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने यह पहल की। इस अभियान का उद्देश्य प्राणिजगत के प्रति दायित्व निभाना और मूक प्राणियों को सहारा देना था। विद्यार्थियों ने न केवल महाविद्यालय में परिंडे बांधे बल्कि अपने आस-पड़ोस में भी पक्षियों और अन्य जीवों के लिए दाने-पानी की व्यवस्था करने का संकल्प लिया। छात्रा मनीषा ने इस कार्यक्रम को पर्यावरण जागरूकता और सेवा भाव बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। छात्र नीरज कुमार ने कहा कि मनुष्य तो अपने लिए संसाधन जुटा सकता है, लेकिन पेड़ों पर रहने वाले जीव गर्मियों में पानी के अभाव से परेशान होते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय परिसर में विभिन्न स्थानों पर परिंडे लगाए गए हैं, ताकि पक्षी और गिलहरियों को राहत मिल सके। पंकज ने सभी विद्यार्थियों से नियमित रूप से इन परिंडों में पानी भरने की जिम्मेदारी निभाने की अपील की। इस अभियान में नीरज, पंकज, मनीषा, निशा सैनी, निशा यादव, मुस्कान आदि ने सक्रिय सहयोग दिया।

# पोक्सो न्यायालय ने सुनाई 20 साल के कठोर कारा वास की सजा

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर

विशिष्ठ न्यायाधीश पोक्सो नंबर . 2 की न्यायाधीश शिल्पा समीर ने दुष्कर्म के प्रकरण में 20 साल के कठोर कारावास की सजा से मुलजिम कमलेश मीना को दण्डित किया। विशिष्ठ लोक अभियोजक पंकज यादव ने बताया की पीड़िता के चाचा ने पीड़िता को जबरदस्ती बहला-फुसला के ले जाने व बलात्कार के सम्बन्ध मे रिपोर्ट पुलिस थाना राजगढ़ मे दर्ज कराई। जिस पर पुलिस ने अनुसन्धान के बाद न्यायालय में आरोपी कमलेश के विरुद्ध चार्जशीट पेश की । जिस पर अभियोजन पक्ष ने 16 गवाह और 19 दस्तावेजी साक्ष्य प्रदर्शित करवाई गई। न्यायालय द्वारा दोनों पक्षो की सुनवाई के बाद आरोपी कमलेश को दोषी मानते हुए 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई व 3.50 लाख के अर्थदंड से भी दण्डित किया गया। और न्यायालय द्वारा पीड़िता को प्रतिकर योजना के तहत 1 लाख रूपये प्रतिकर दिलवाये जाने हेतु सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर को अनुशंसा की गई।

# स्कूटी सवार अध्यापिका की सड़क दुर्घटना में मौत, बाइक सवार गंभीर घायल

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा खैरथल

खैरथल किशनगढ़ मार्ग पर बुधवार को सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार अध्यापिका की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वार्ड नंबर 21, मुरली कॉलोनी की निवासी सरिता यादव, नांगल मौजिया के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में अध्यापिका थीं। परीक्षा ड्यूटी के बाद वह स्कूटी से घर लौट रही थीं, तभी उनकी स्कूटी को एक बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में सरिता यादव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक सवार ज्ञानदीप जाट, निवासी बोहका (रेवाड़ी), गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे अलवर रेफर कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बाद में शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना की खबर मिलते ही शिक्षा विभाग के अधिकारी, स्कूल स्टाफ और परिचित अस्पताल पहुंच गए।

# कैरो वाले शिव आश्रम का मेला 12 अप्रैल को धूम धाम से आयोजित होगा

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा नारायणपुर

ग्राम पंचायत चतरपुरा में स्थित कैरो वाले शिव आश्रम का वार्षिक मेला 12 अप्रैल को धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। आश्रम महंत दिपाईनाथ महाराज ने बताया कि मेले की शुरुआत सुबह 9.15 बजे होगी। इस दौरान भक्तों के लिए धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की विशेष प्रस्तुति होगी। मेले के मुख्य आकर्षण के रूप में सुबह 11.15 बजे से भजन-सत्संग का आयोजन किया जाएगा। इसमें हरियाणा के प्रसिद्ध कलाकार सोनू शूद, विरेंद्र वेरुडला, कुलदीप छैला, अंजू चौधरी (बावल), निशा यादव (शाहपुरा) और मीनू अवाना अपनी सुरीली प्रस्तुतियां देंगे। मेला समिति ने क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धार्मिक आयोजन का लाभ उठाने की अपील की है।

# तिराया वाले हनुमानजी महाराज मेले का आयोजन 8 अप्रैल को

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा नारायणपुर

ग्राम पंचायत गढ़ी (मामोड़) में स्थित तिराया वाले हनुमानजी महाराज का वार्षिक मेला 8 अप्रैल को धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। पुजारी भारत कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मेले में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मेले का मुख्य आकर्षण दोपहर 2 बजे से शुरू होने वाला कुश्ती दंगल रहेगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आए पहलवानों के बीच रोमांचक मुकाबले होंगे। खासतौर पर कामड़े की कुश्ती 21 हजार रुपये की होगी, जिससे प्रतियोगिता में उत्साह बढ़ेगा। रात्रि 10 बजे से कृष्ण लोक कला मंडल, हाथरस के कलाकारों द्वारा नौटंकी का मंचन किया जाएगा। इस दौरान प्रकाश सिंह सिसोदिया, लेखराज, रामप्रसाद राजस्थानी, भीमसिंह, चाँदतारा और कृष्णा कुमारी एंड पार्टी अपनी प्रस्तुति देंगे। यह कार्यक्रम संपूर्ण रात्रि तक चलेगा, जिसमें दर्शकों के मनोरंजन का विशेष ध्यान रखा जाएगा। आयोजकों ने श्रद्धालुओं और मेले में आने वाले लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन का आनंद लेने की अपील की है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से जरख की मौत, ग्रामीणों ने की स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग



वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा नारायणपुर

ग्राम पंचायत विजयपुरा में एक अज्ञात वाहन की टक्कर से जरख की मौत हो गई, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। वनपाल राम अवतार मीणा ने बताया कि बुधवार को सड़क किनारे एक मृत जरख मिलने की सूचना मिली थी। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच में पाया कि जरख के सिर और शरीर पर गहरी चोटें थीं, जो किसी तेज रफ्तार वाहन की टक्कर के कारण हुई थीं। बताया जा रहा है कि सड़क किनारे स्थित जलकुंड से पानी पीने के बाद जरख सड़क पार कर रहा था, तभी यह दुर्घटना हुई। मृत जरख नर था और उसकी उम्र करीब ढाई साल बताई जा रही है। वन विभाग ने कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम कर उसका अंतिम संस्कार कर दिया। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग से सड़क पर स्पीड ब्रेकर और संकेतक लगाने की मांग की है ताकि इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन को वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए जल्द ही ठोस कदम उठाने चाहिए। इस दौरान सरपंच मोहन लाल वर्मा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे।

# जिला कलक्टर ने मिनी सचिवालय को एनर्जी एफिसिएंट बिल्डिंग बनाने के नवाचार का किया शुभारंभ



वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर

जिला प्रशासन ने मिनी सचिवालय को 'एनर्जी एफिसिएंट बिल्डिंग' बनाने के नवाचार की शुरुआत की। इस पहल के तहत, मियावाकी पद्धति से पौधारोपण कर सचिवालय परिसर को हरित क्षेत्र में बदला जाएगा। यह कार्य सीएसआर सहयोग से संपन्न हुआ, जिसका शुभारंभ जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के नेतृत्व में हुआ। जिला कलक्टर ने बताया कि अर्णिमा सोशल वेलफेयर सोसायटी और चैम्बर ऑफ कॉमर्स अलवर के सहयोग से 400 पौधे लगाए गए। वन विभाग के तकनीकी सहयोग से सचिवालय परिसर में खाली स्थानों पर सघन पौधारोपण किया जाएगा, जिससे यह ग्रीन बिल्डिंग का स्वरूप लेगा। इससे पूर्व भी पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए गैलरी और अन्य स्थानों पर गमलों में पौधे लगाए गए थे। इस अवसर पर एडीएम शहर बीना महावर, उप वन संरक्षक राजेंद्र हुड्डा, चैम्बर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष राजेश गुप्ता सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# जाम की समस्या से नहीं मिल रही निजात, लोग परेशान



वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा लक्ष्मणगढ़

कस्बे के मालाखेड़ा रोड पर हर दिन लगने वाले जाम से लोग परेशान हैं। कार्यालय जाने वाले कर्मचारी, स्कूल के बच्चे और आम नागरिकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार एंबुलेंस तक इस जाम में फंस जाती है, जिससे मरीजों की जान को खतरा बना रहता है। बावजूद इसके, जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या का समाधान निकालने में नाकाम साबित हो रहे हैं। जाम की मुख्य वजह सड़क किनारे बेतरतीब खड़ी चौपाइयां, हल्के वाहन और बाइक हैं, जो खंड मुख्य चिकित्सा कार्यालय के सामने अव्यवस्थित रूप से पार्क कर दी जाती हैं। बुधवार को भी स्थिति वैसी ही रही। मोदी पेट्रोल पंप से लेकर चिकित्सा अधिकारी कार्यालय तक सड़क पर भारी जाम लगा रहा। हर 20 मिनट के अंतराल पर जाम की स्थिति बन रही थी, जिससे पुलिसकर्मियों को भी अपनी गाड़ियों को निकालने में मशक्कत करनी पड़ी। नगर पालिका के कनिष्ठ अभियंता श्याम सुंदर पांडे ने बताया कि अतिक्रमण के खिलाफ समय-समय पर अभियान चलाया जाता है और जाम से निजात दिलाने के लिए स्थायी समाधान तलाशा जा रहा है। वहीं, चौकी इंचार्ज शहजाद खान ने कहा कि नगर पालिका और पुलिस के संयुक्त अभियान के बावजूद समस्या बरकरार है। शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए स्थानीय लोगों का सहयोग भी आवश्यक है। नगर पालिका क्षेत्र में वाहनों की पार्किंग की उचित व्यवस्था न होने से भी समस्या गंभीर बनी हुई है। लोग अपनी सुविधा के अनुसार कहीं भी वाहन खड़ा कर देते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है। मालाखेड़ा रोड पर स्थिति सबसे ज्यादा खराब रहती है, क्योंकि लोग सड़क किनारे वाहन खड़े कर खरीदारी करने लगते हैं या तहसील कार्यालय में अपने काम में व्यस्त हो जाते हैं। भगत सिंह सर्किल से कठूमर रोड, पंचायत समिति कार्यालय और जालूकी रोड तक सड़क किनारे अस्थायी दुकानों और अवैध अतिक्रमण का नजारा आम है। प्रशासन द्वारा कुछ दिन पूर्व अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया था, लेकिन यह प्रयास नाकाफी साबित हो रहा है। दुकानदार और वाहन चालक अभियान के दौरान अस्थायी रूप से अतिक्रमण हटा लेते हैं, लेकिन कुछ समय बाद फिर से वही स्थिति बन जाती है। इस समस्या से स्थायी रूप से निजात पाने के लिए प्रशासन को सख्त कदम उठाने होंगे। अतिक्रमण करने वालों और सड़क किनारे अव्यवस्थित रूप से वाहन पार्क करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जरूरत है, ताकि कस्बे में सुचारू यातायात व्यवस्था बनाई जा सके।

# मुख्य बाजार में पुलिस की पैदल गश्त, संदिग्ध व्यक्तियों पर पैनी नजर



वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा नारायणपुर

वक्फ बोर्ड बिल के मद्देनजर नारायणपुर पुलिस ने बुधवार को मुख्य बाजार में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखी गई और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी की गई। थानाधिकारी ओमप्रकाश मीणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बाजार में गश्त करते हुए अस्थाई अतिक्रमण हटवाया और दुकानदारों को नाली के बाहर सामान न लगाने की चेतावनी दी। हॉस्पिटल के सामने किए गए अतिक्रमण को तत्काल हटाया गया। इस दौरान 112 आपातकालीन सेवा और पुलिस गाड़ी भी मौके पर मौजूद रही। थाना प्रभारी ने बताया कि बाजार और अन्य भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस लगातार निगरानी रख रही है। आमजन से अपील की गई कि यदि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें।

# नवरात्रि पर बहरोड़ विधायक डॉ. यादव ने की जनसुनवाई, विकास और सुख-समृद्धि के लिए की प्रार्थना



वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा बहरोड़

बहरोड़ विधायक डॉ. जसवंत यादव ने नवरात्रि के पावन अवसर पर विधायक कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित कर जनता की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए त्वरित निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा ही उनकी प्राथमिकता है और वह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी व्यक्ति को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए भटकना न पड़े। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और भाजपा सरकार के सहयोग से क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए वह पूरी तरह समर्पित हैं। उन्होंने कहा, "सरकारी योजनाओं और सुविधाओं को पारदर्शिता के साथ हर व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। जनता के विश्वास को मजबूत करना और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना हमारा मुख्य उद्देश्य है। भाजपा सरकार की नीतियों और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से बहरोड़ को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है।" नवरात्रि के अवसर पर डॉ. यादव ने कूल देवी जिलानी मंदिर और दहमी-हमजापुर स्थित पवित्र मंशा माता मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र के नागरिकों के सुख, समृद्धि, शांति और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने कहा कि धर्म और संस्कृति समाज को जनकल्याण की प्रेरणा देते हैं और माता रानी की कृपा से समाज में सद्भाव, उन्नति और सकारात्मक ऊर्जा बनी रहे, यही उनकी प्रार्थना है। इस अवसर पर बहरोड़ मंडल अध्यक्ष प्रशांत यादव, जिला उपाध्यक्ष कमल यादव, पार्षद रामनरेश यादव, देवेन्द्र शर्मा, चिन्टू पार्षद, गौरीशंकर पार्षद, संजय शर्मा, संजय मीर, शिवचरण गुरुजी, कपिल वैद्य, कर्मवीर यादव, अनिल बोहरा, सुभाष यादव, नरेन्द्र यादव, नूतन सैनी, देवेन्द्र यादव सहित पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 100 बीघा भूमि पर 2 करोड़ की लागत से बन रही लवकुश वाटिका, पर्यटकों के लिए रहेगी आकर्षण का केन्द्र



वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर

राजगढ़ क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से माचाड़ी मार्ग स्थित पर्यटक स्थल झरना धाम के पास लवकुश वाटिका का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर लगभग 2 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। लवकुश वाटिका में पर्यटकों को लुभाने के लिए कई विशेष सुविधाएं विकसित की जा रही हैं, जिससे यह क्षेत्र का प्रमुख आकर्षण केंद्र बन सकता है। वन विभाग द्वारा इस परियोजना के तहत 18 फीट ऊंचे मुख्य गेट का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। पर्यटकों की सुविधा के लिए करीब ढाई किलोमीटर लंबा ईको ट्रैक तैयार किया गया है, जहां वे प्राकृतिक वातावरण में घूम सकते हैं। इस ट्रैक के साथ ही दो पक्के और दो पुलों के साथ हटों का निर्माण किया गया है, जिससे पर्यटकों को विश्राम स्थल भी उपलब्ध होगा।

## निःशुल्क प्रवेश और पर्यावरण संरक्षण पर जोर

पर्यटकों के लिए राहत की बात यह है कि लवकुश वाटिका में प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रखा गया है। इस परियोजना के तहत पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अब तक 1000 से अधिक पेड़-पौधे लगाए जा चुके हैं। इसके अलावा, झरनों के बांध की ऊपरी सतह से बहने वाले पानी के कारण होने वाले भूमि कटाव को रोकने के लिए पांच बड़े और दो छोटे गेबिन बनाए गए हैं। पर्यटकों के बैठने के लिए आठ बड़े और एक छोटा गोल चबूतरा भी बनाया गया है। वहीं, वन्य जीवों के लिए तीन वाटर हॉल तैयार किए गए हैं, जिससे वे प्राकृतिक जल स्रोतों से पानी पी सकें। साथ ही, दो बोरिंग और पानी की दो टंकियां भी बनाई गई हैं ताकि क्षेत्र में जल आपूर्ति बनी रहे।

## प्राकृतिक सौंदर्य से सजेगी वाटिका

राजगढ़ क्षेत्र के झरना धाम की सुंदरता को और बढ़ाने के लिए लवकुश वाटिका को विशेष रूप से प्राकृतिक सौंदर्य से सुसज्जित किया जा रहा है। यहां जगह-जगह कुर्सियां और बेंच लगाई गई हैं, जिससे पर्यटक प्राकृतिक हरियाली के बीच बैठकर विश्राम कर सकें और भोजन का आनंद ले सकें। क्षेत्रीय वन अधिकारी राहुल फौजदार के अनुसार, यह परियोजना मुख्यमंत्री की बजट घोषणा के तहत स्वीकृत हुई थी। इसका पहला चरण पिछले वित्तीय वर्ष में पूरा हुआ, जबकि दूसरा चरण इस वित्त वर्ष में पूरा होने की ओर है। वाटिका में पर्यटकों की सुविधा के लिए चैन, फेंसिंग, झोपे और वन्य जीवों के लिए पानी की टंकियां बनाई गई हैं।

## पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

स्थानीय लोगों का मानना है कि झरना धाम के पास लवकुश वाटिका बनने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। बारिश के मौसम में जब झरना धाम के बांध में पानी भरता है और आसपास की पहाड़ियां हरियाली से आच्छादित हो जाती हैं, तो यह स्थान और भी रमणीय लगने लगता है। ऐसे में पर्यटकों की संख्या में निश्चित रूप से वृद्धि होगी, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी लाभ मिलेगा।

RNI. NO. RAJHIN/2021/82156 डाक पंजीयन संख्याः RJ/ALW/866/23-25

# वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा

जज्बा सच दिखाने का

वर्ष -05 | अंक -19 | मूल्य: 2.00 रू. | अलवर, गुरूवार 3 अप्रेल, 2025 | प्रभात संस्करण | कुल पेज- 10

WWW.Voiceofpratigya.com | Twitter.com/Voiceofpratigya | facebook.com/Voiceofpratigya | YouTube.com/Voiceofpratigya | Instagram- Instagram.com/Voiceofpratigya | 9414508610 | pratigya.alwar@gmail.com

## पक्ष में 288 और विरोध में पड़े 232 वोट

# लोकसभा ने वक्फ विधेयक को दी मंजूरी, सरकार-विपक्ष के बीच खूब हुई गरमागरम बहस

## आज राज्यसभा में पेश होगा वक्फ बिल

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा नई दिल्ली**

वक्फ संशोधन विधेयक लोकसभा से पास हो गया। 12 घंटे से ज्यादा समय तक चली मैराथन चर्चा के बाद लोकसभा ने वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 पारित कर दिया। इस विधेयक के पक्ष में 288 और विपक्ष में 232 वोट पड़े। स्पीकर ओम बिरला ने चर्चा पूरी होने के बाद वोटिंग करवाई। इस दौरान बिल के पक्ष में 288 वोट पड़े, वहीं विरोध में 232 वोट पड़े और इस तरह रात 2 बजे वक्फ संशोधन बिल लोकसभा से पास हो गया। इससे पहले सदन में गौरव गोगोई, औवैसी समेत कई सदस्यों की ओर से लाए गए संशोधन खारिज हो गए। वहीं बिल पर चर्चा के दौरान जहां सत्ता पक्ष के सांसदों ने बिल का समर्थन किया तो विपक्षी सांसदों ने इस पर कड़ा विरोध जताया। इस दौरान कई मौकों पर हंगामा भी देखने को मिला। सांसद ओवैसी ने अपनी बात रखने के बाद वक्फ बिल को फाड़ दिया, जिस पर सत्तापक्ष की ओर से सवाल उठाए गए। बीजेपी सांसद जगदंबिका पाल ने इसे असंवैधानिक करार दिया।

### वक्फ बिल लोकसभा से पास, क्या बोले रिजिजू

वोटिंग से पहले बिल पर चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष पर करारा अटैक किया। उन्होंने कहा कि बिना तर्क आरोप लगाना गलत है। हम लोग संसद सदस्य हैं, हम जो शब्द इस्तेमाल करते हैं उसे समझना चाहिए। कुछ सदस्यों ने जो प्वाइंट उठाए उनमें तर्क है तो कुछ तर्कहीन बातें भी कही गई। कुछ विपक्षी सांसदों ने कहा कि ये बिल असंवैधानिक है तो उन्हें बताना चाहिए कि ये असंवैधानिक कैसे है।



### 'वक्फ बाई यूजर' पर रिजिजू ने स्टैंड किया क्लीयर

किरेन रिजिजू ने चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि अल्पसंख्यकों के लिए दुनिया में भारत से सुरक्षित कोई स्थान नहीं है। इस देश के बहुसंख्यक लोग खुद को धर्मनिरपेक्ष मानते हैं। विपक्ष सरकार की आलोचना कर सकता है, लेकिन यह कहना कि हिंदुस्तान में अल्पसंख्यक सुरक्षित नहीं है, सही नहीं है। उन्होंने कहा, 'मैं खुद अल्पसंख्यक हूं और कह सकता हूं कि भारत से ज्यादा अल्पसंख्यक कहीं सुरक्षित नहीं हैं। हर अल्पसंख्यक समुदाय शान से इस देश में जीवन जीता है।' रिजिजू ने विपक्षी सदस्यों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि सदन में इस तरह देश को बदनाम करना ठीक नहीं। आने वाली पीढ़ियां आपको माफ नहीं करेंगी। वहीं चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सबको बोलने का अधिकार है लेकिन टोकाटाकी नहीं करना चाहिए। सदन में कमेंट पास करना कोई तरीका तो नहीं है। मैं सबसे पहले गौरव गोगोई समेत कई सदस्यों ने जो मुद्दे उठाए तो उस पर क्लीयर करता हूं। ये जो 'वक्फ बाई यूजर' क्लॉज है, किसी जमीन-प्रॉपर्टी पर सिर्फ कहने से कैसे माना जा सकता है कि ये वक्फ की जमीन है। इससे संबंधित कोई डॉक्यूमेंट है, सर्टिफिकेट है तो हमें दिखाएं।



### बिल मुस्लिम और इस्लाम विरोधी नहीं- किरेन रिजिजू

रिजिजू ने कहा कि ये बिल मुस्लिम और इस्लाम विरोधी नहीं है। ये पूर्ण रूप से संवैधानिक है। ये विधेयक पहले से है तो असंवैधानिक कैसे हो सकता है। हर जमीन देश की जमीन है। उन्होंने विपक्ष को दो टूक कहा कि बिना तर्क आरोप न लगाएं। बिल पर चर्चा के दौरान कलेक्टर को विरोधी जैसा बताया गया। कलेक्टर पर प्रहार के बजाय जवाब देते। हाथ में संविधान पकड़ने से कुछ नहीं होता। संविधान को मानना भी होता है। किरेन रिजिजू के चर्चा का जवाब दिए जाने के बाद वक्फ बिल पर वोटिंग हुई, जिसमें पक्ष में 288 और विपक्ष में 232 वोट पड़े। इस तरह लोकसभा से बिल पास हो गया।

### हिंदुओं में ये प्रावधान पहले से, ओवैसी को रिजिजू का जवाब

लोकसभा में बोलते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा, 'असदुद्दीन ओवैसी ने विभिन्न मुद्दे उठाए और आरोप लगाया कि मुसलमानों के लिए, वक्फ में मुसलमानों के बच्चों के लिए प्रावधान किया जा रहा है। हिंदुओं के लिए कोई प्रावधान क्यों नहीं किया जा रहा है? मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि हिंदुओं के लिए पहले से ही प्रावधान है। इस पर दूसरा कानून बनाने की कोई जरूरत नहीं है।'

### असदुद्दीन ओवैसी ने विभिन्न मुद्दे उठाए



रिजीजू ने कहा कि एआइएमआइएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने विभिन्न मुद्दे उठाए और आरोप लगाया कि वक्फ में मुसलमानों के बच्चों के लिए प्रविधान किया जा रहा है। हिंदुओं के लिए कोई प्रविधान क्यों नहीं किया जा रहा है? मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि हिंदुओं के लिए पहले से ही प्रविधान है। इस पर दूसरा कानून बनाने की कोई जरूरत नहीं है। इससे पहले रिजीजू ने लोकसभा में विधेयक पेश करते हुए इसे उम्मीद (यूनीफाइड वक्फ मैनेजमेंट इंपावरमेंट, इफिशिएंसी एंड डेवलपमेंट) नाम दिया। वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन के लिए बिल लाने को जरूरी बताते हुए रिजीजू ने कहा कि अगर ऐसा नहीं करते तो जिस इमारत (संसद भवन) में हम बैठे हैं, उस पर भी वक्फ दावा कर सकता था, क्योंकि 2014 में लोकसभा चुनाव से पहले तत्कालीन सरकार ने दिल्ली की 123 संपत्तियां वक्फ को दे दी थीं।

### वोट के लिए 70 वर्षों से मुस्लिमों को गुमराह किया जा रहा है- सरकार

रिजीजू ने उस भ्रम को भी स्पष्ट किया, जिसमें कहा जाता है कि रेल और सेना के बाद वक्फ के पास सबसे ज्यादा जमीन है। कहा कि रेल और सेना की जमीन देश की है, किंतु वक्फ की संपत्ति निजी है। वोट के लिए 70 वर्षों से मुस्लिमों को गुमराह किया जा रहा है। सच्चर कमेटी की रिपोर्ट का हवाला देते हुए रिजीजू ने कहा कि 2006 में देश में 4.9 लाख वक्फ संपत्तियां थीं, जिनकी कुल आय 163 करोड़ थी। अभी 8.72 लाख संपत्तियां हैं, लेकिन आमदनी सिर्फ तीन करोड़ ही बढ़ी है। उचित इस्तेमाल से वक्फ की आमदनी बढ़ेगी, जिससे मुस्लिमों को फायदा होगा। अभी तक वक्फ बोर्ड किसी भी जमीन को अपना बता देता था। अब ऐसा नहीं होगा। सरकार ने कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई की उस आपत्ति को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि गैर सरकारी संस्थाओं से सुझाव नहीं लिए गए और विपक्ष के एक भी संशोधन प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया गया।





### ये भारत सरकार का कानून, सभी को स्वीकार करना होगा- शाह

इससे पहले वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि यह भारत सरकार का कानून है और इसे सभी को स्वीकार करना होगा। अमित शाह ने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह समाज में भ्रम फैला रहे और मुसलमानों को डराकर उनका वोट बैंक बनाने की कोशिश कर रहे। शाह ने इस दौरान नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) और अनुच्छेद 370 के मुद्दे पर भी विपक्ष के दावे खारिज किए। उन्होंने कहा कि सीएए लागू होने के बाद किसी भी मुस्लिम की नागरिकता नहीं गई है और आर्टिकल 370 को हटाने के बाद जम्मू-कश्मीर में उमर अब्दुल्ला जैसे नेता चुनाव जीतकर लौटे हैं। ये बताता है कि स्थिति में सुधार हुआ है। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद कम हुआ है और विकास और पर्यटन बढ़े हैं।



### नया कानून अधिसूचना निकलने के दिन से ही प्रभावी होगा

नया कानून अधिसूचना निकलने के दिन से ही प्रभावी होगा। वक्फ संशोधन विधेयक को असंवैधानिक कहने के लिए विपक्षी दलों की आलोचना करते हुए अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजीजू ने कहा कि वक्फ संपत्ति से संबंधित कानून दशकों से अस्तित्व में है। अदालतों द्वारा इसे रद नहीं किया गया है और ऐसे शब्दों का इस्तेमाल हल्के में नहीं किया जाना चाहिए। कहा कि दुनिया में अल्पसंख्यकों के लिए भारत से ज्यादा सुरक्षित कोई देश नहीं है।

### वक्फ में एक भी गैर-मुस्लिम सदस्य नहीं होगा- सरकार

वक्फ कानून में संशोधन के नाम पर धार्मिक हस्तक्षेप के आरोपों को खारिज करते हुए सरकार ने स्पष्ट किया कि वक्फ में एक भी गैर-मुस्लिम सदस्य नहीं होगा। सिर्फ वक्फ परिषद एवं वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम होंगे, जिनका काम धार्मिक हस्तक्षेप का नहीं होगा, बल्कि उन संपत्तियों के प्रबंधन का होगा जो दान में मिली है। वह देखेगा कि संपत्तियों का सदुपयोग हो रहा है या नहीं। वक्फ में महिलाएं और शिया-सुन्नी की भागीदारी बढ़ेगी और पिछड़ों का प्रतिनिधित्व होगा।

### विपक्षी दलों के स्वर थोड़े बदले-बदले से थे

विधेयक पर चर्चा के दौरान लोकसभा में जदयू, तेदेपा एवं लोजपा (आर) समेत राजग के समस्त सहयोगी दल पूरी तरह एकजुट दिखे, जबकि पहले से कड़े प्रतिरोध का दावा करते आ रहे विपक्षी दलों के स्वर थोड़े बदले-बदले से थे। कांग्रेस एवं समाजवादी पार्टी समेत कई दलों को विधेयक से नहीं, बल्कि संशोधन के कुछ बिंदुओं पर आपत्ति थी। हालांकि दोनों खेमों ने अपने-अपने सदस्यों को सदन में मौजूद रहने के लिए व्हिप जारी किया था। बहस पर चर्चा का समय पहले आठ घंटा निर्धारित था। इसे पहले दो घंटे और फिर डेढ़ घंटे के लिए बढ़ाया गया। लोकसभा में लगभग 12 घंटे तक चली मैराथन बहस का जवाब देते हुए रिजीजू ने कहा कि विधेयक पारित होने के बाद गरीब मुसलमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देंगे।

### केसी वेणुगोपाल, असदुद्दीन ओवैसी ने संशोधन पेश किया

विधेयक पर विपक्ष की ओर से गौरव गोगोई, केसी वेणुगोपाल, असदुद्दीन ओवैसी और अरविंद सावंत ने संशोधन पेश किया, जिसे सदन ने खारिज कर दिया। वहीं, रिजीजू के संशोधन को स्वीकार कर लिया। अब इस विधेयक को राज्यसभा में पेश किया जाएगा।

### यह संविधान की मूल भावना पर हमला- गोगोई

कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि यह संविधान की मूल भावना पर आक्रमण करने वाला बिल है. उन्होंने कहा, "आज एक विशेष समाज की जमीन पर सरकार की नजर है, कल समाज के दूसरे अल्पसंख्यकों की जमीन पर इनकी नजर जाएगी. संशोधन की जरूरत है. मैं यह नहीं कहता कि संशोधन नहीं होना चाहिए. संशोधन ऐसा होना चाहिए कि बिल ताकतवर बने. इनके संशोधनों से समस्याएं और विवाद बढ़ेंगे. ये चाहते हैं कि देश के कोने-कोने में केस चले. ये देश में भाईचारे का वातावरण तोड़ना चाहते हैं. बोर्ड राज्य सरकार की अनुमति से कुछ नियम बना सकते हैं. ये पूरी तरह से उसे हटाना चाहते हैं. राज्य सरकार की पावर खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं. नियम बनाने की ताकत राज्य सरकार को है. राज्य सरकार सर्वे कमिश्नर के पक्ष में नियम बना सकती है. आप सब हटाना चाहते हैं और कह रहे हैं कि ये संशोधन



हैं." वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 को विपक्षी सांसदों के विरोध के बाद संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया गया था. पांच महीने में 38 बैठकों के बाद समिति ने अपने सुझाव दिए थे. समिति के सुझावों को शामिल करते हुए वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 को बुधवार को विधानसभा में पेश किया गया था.

### ✦ वक्फ बिल से जुड़े कई मुद्दों का शाह ने दिया जवाब

गृहमंत्री ने कहा कि कि वक्फ संशोधन विधेयक के तहत वक्फ परिषदों और बोर्डों में अब गैर-मुस्लिमों को भी शामिल किया जाएगा। यह विधेयक किसी विशिष्ट समुदाय को लक्षित नहीं करता, बल्कि यह सुनिश्चित करेगा कि वक्फ संपत्तियों का उपयोग सही उद्देश्य के लिए किया जाए। उन्होंने कहा कि वक्फ संपत्तियों को उसी उद्देश्य के लिए संचालित किया जाएगा, जिसके लिए दान दिया गया था। चाहे वह इस्लाम धर्म के उत्थान के लिए हो या गरीबों के कल्याण के लिए।

### ✦ विपक्ष बिल पर गलत जानकारी फैला रहे- शाह

अमित शाह ने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वे इस विधेयक को लेकर गलत जानकारी फैला रहे। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह विधेयक किसी भी पिछली तारीख से लागू नहीं होगा, जैसा कि विपक्ष की ओर से कहा जा रहा। इसके लागू होने के बाद सरकार की अधिसूचना के बाद ही यह कानून प्रभावी होगा। विपक्ष के एक सांसद ने यह कहा था कि अल्पसंख्यक इस कानून को स्वीकार नहीं करेंगे। अमित शाह ने इस पर जोर देकर कहा कि यह भारत सरकार का कानून है और इसे सभी को स्वीकार करना होगा।

### वक्फ बिल सत्तारूढ़ बीजेपी का सियासी हठ- अखिलेश यादव

समाजवादी पार्टी सांसद अखिलेश यादव ने चर्चा के दौरान लोकसभा में कहा कि अपनी नाकामी पर पर्दा डालने के लिए सरकार वक्फ (संशोधन) विधेयक लाई और यह सत्तारूढ़ बीजेपी का सियासी हठ है। उसकी सांप्रदायिक राजनीति का एक नया रूप है। उन्होंने विधेयक पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि वक्फ से जुड़े जिन मुद्दों पर फैसला लिया जाना था उन्हें इस विधेयक में अहमियत नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि वक्फ की जमीन से बड़ा मुद्दा वह जमीन है जिस पर चीन ने अपने गांव बसा लिए हैं। लेकिन कोई भी इस बाहरी खतरे पर सवाल-बवाल न करे, इसलिए यह विधेयक लाया गया।



## चिंतन

# वक्फ संशोधन न धार्मिक हस्तक्षेप, न असंवैधानिक

वक्फ संशोधन विधेयक धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं है और न ही असंवैधानिक है। इस विधेयक के कानून बनने के बाद वक्फ संशोधन अधिनियम अस्तित्व में आएगा, जिसके बाद वक्फ बोर्ड के लिए संपत्ति प्रबंधन करना आसान हो जाएगा। वक्फ संशोधन विधेयक 2024 लोकसभा में पेश किया गया है, जिसके बाद से देश में सियासी पारा गर्म है। सरकार ने इसे सुधारात्मक कदम बताया है तो विपक्ष इस बिल को मुस्लिमों के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप बताकर इसका तीखा विरोध कर रहा है। सरकार के मुताबिक इस विधेयक का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के कामकाज में सुधार, जटिलताओं को दूर करना, पारदर्शिता सुनिश्चित करना और प्रौद्योगिकी-संचालित प्रबंधन शुरू करना है। विपक्षी दलों ने इसे असंवैधानिक और मुस्लिम समुदाय के हितों के खिलाफ बताया है। दीगर बात तो यह है कि पहली बार नहीं है, जब वक्फ कानून में संशोधन हो रहा है। देश में पहला वक्फ अधिनियम 1954 में बनाया गया था। इसी के तहत वक्फ बोर्ड का गठन किया गया था। 1955 में पहला संशोधन किया गया। 1995 में नया वक्फ कानून बनाया गया था। इसके तहत राज्यों को वक्फ बोर्ड गठन की शक्ति दी गई। वर्ष 2013 में वक्फ अधिनियम में संशोधन किया और धारा-40 जोड़ी गई। मौजूदा वक्फ अधिनियम की धारा-40 वक्फ बोर्ड और ट्रिब्यूनल को किसी संपत्ति को अपनी जमीन घोषित करने की ताकत देता है। इसके तहत बोर्ड को रिजन टू बिलीव की ताकत मिली है। वक्फ बोर्ड को यह तय करने का अधिकार है कि कोई संपत्ति वक्फ की है या नहीं। अभी तक वर्ष 1955 में, वर्ष 1995 में और वर्ष 2013 में वक्फ अधिनियम में संशोधन हो चुका है या कानून बदला गया है। यह संसद से हुआ है, इसलिए मौजूदा संशोधन असंवैधानिक नहीं है। संसद को इसमें बदलाव करने का अधिकार है। देशभर में वक्फ बोर्ड के पास आठ लाख एकड़ से अधिक जमीन है। 2009 में वक्फ बोर्ड के पास कुल 4 लाख एकड़ जमीन थी। 16 वर्ष में जमीन दोगुणी हो गई, कैसे?। देश में कुल 32 वक्फ बोर्ड हैं। हर राज्य में एक वक्फ बोर्ड है। यूपी और बिहार में दो शिया वक्फ बोर्ड भी हैं। वक्फ बोर्ड एक कानूनी इकाई है। वक्फ न्यायाधिकरणों की अभी तक कोई न्यायिक निगरानी नहीं है। इसके चलते कई दुरूपयोग की खबरें आईं। पंजाब वक्फ बोर्ड ने पटियाला में शिक्षा विभाग की जमीन पर दावा ठोक दिया। तमिलनाडु के एक गांव थिरुचिंथुरई पर ही वक्फ ने दावा ठोक दिया, जिससे समूचे गांव के किसान परेशान हुए। वर्ष 2024 में बिहार के गोविंदपुर गांव पर भी वक्फ बोर्ड ने दावा कर दिया। यह मामला अभी कोर्ट में विचाराधीन है। केरल के एर्नाकुलम में 600 ईसाई परिवार की पुश्तैनी जमीन पर वक्फ बोर्ड ने कब्जा कर लिया है। कर्नाटक के विजयपुरा में 15000 एकड़ जमीन पर राज्य वक्फ बोर्ड ने वक्फ जमीन घोषित कर दी। वक्फ अधिनियम केवल एक धर्म पर लागू होता है। किसी अन्य धर्म के लिए ऐसा कोई कानून नहीं है। किसी धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के संविधान में ऐसा कानून संविधान की भावना का उल्लंघन है। दिल्ली उच्च न्यायालय में दाखिल एक जनहित याचिका में वक्फ बोर्ड की संवैधानिक वैधता पर सवाल उठाए गए थे। नए वक्फ विधेयक के बाद धारा-40 खत्म हो जाएगी और वक्फ की मनमानी पर रोक लगेगी। कोई भी कानूनी बोर्ड धार्मिक आधार पर फैसले नहीं कर सकता है। वक्फ एक्ट में संशोधन संवैधानिक है।

# भारत के नए वैश्विक व्यापार समीकरण



अर्थव्यवस्था
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

**भारत और अमेरिका के वरिष्ठ व्यापार प्रतिनिधियों ने दोनों देशों के बीच 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंचाने के प्रस्तावित व्यापार समझौते की रूपरेखा और संदर्भ की शर्तों को अंतिम रूप देने के लिए सार्थक वार्ता की है। जहां एक ओर सरकार तेजी से मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) और द्विपक्षीय व्यापार समझौतों की रणनीति के साथ आगे बढ़ रही है, वहीं हाल ही में नीति आयोग ने भारत की जीवीसी में 3.3 फीसदी की वर्तमान हिस्सेदारी को तेजी से बढ़ाने के लिए 13 प्रमुख सेक्टरों में सरकार से नीतिगत मदद की जरूरत रेखांकित की है। इनमें मुख्य रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स, केमिकल, ऑटोमोटिव सुरक्षा व ड्रोन, टेक्सटाइल, स्टील, लेदर व फुटवियर आदि शामिल हैं।**

यकीनन 2 अप्रैल से लागू डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ की मार से बचने और वैश्विक व्यापार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए भारत नए वैश्विक व्यापार समीकरणों के साथ आगे बढ़ रहा है। हाल ही में 26 से 29 मार्च तक नई दिल्ली में भारत और अमेरिका के वरिष्ठ व्यापार प्रतिनिधियों ने दोनों देशों के बीच 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंचाने के प्रस्तावित व्यापार समझौते की रूपरेखा और संदर्भ की शर्तों को अंतिम रूप देने के लिए सार्थक वार्ता की है। जहां एक ओर सरकार तेजी से मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) और द्विपक्षीय व्यापार समझौतों की रणनीति के साथ आगे बढ़ रही है, वहीं हाल ही में नीति आयोग ने भारत की वैश्विक मूल्य श्रृंखला (जीवीसी) में 3.3 फीसदी की वर्तमान हिस्सेदारी को तेजी से बढ़ाने के लिए 13 प्रमुख सेक्टरों में सरकार से नीतिगत मदद की जरूरत रेखांकित की है। इनमें मुख्य रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स, केमिकल, ऑटोमोटिव सुरक्षा व ड्रोन, टेक्सटाइल, सोलर पीवी, कैपिटल गुड्स, स्टील, फूड प्रोसेसिंग, लेदर व फुटवियर, फार्मास्युटिकल्स, टेलीकाम उपकरण और एयरक्राफ्ट मैन्युफैक्चरिंग शामिल हैं।

गौरतलब है कि भारत की नई वैश्विक व्यापार रणनीति के तहत तीन महत्वपूर्ण बातें उभरकर दिखाई दे रही हैं। एक, लम्बे समय तक व्यापार वार्ता चलाने के बजाय व्यापार वार्ता शीघ्रतापूर्वक पूरी की जाए। दो, व्यापार वार्ता के तहत मुख्य कारोबारी मुद्दों जैसे शुल्क, गैर शुल्क बाधाओं पर शुरुआत में ही प्राथमिकता के साथ विचार मंथन किया जाए। तीन, व्यापार वार्ता में भारत के लिए सिरमौर बने हुए सेवा निर्यात (सर्विस एक्सपोर्ट) को विशेष रूप से शामिल कराने पर ध्यान दिया जाए। पिछले दिनों 16 मार्च से 20 मार्च तक न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन की आधिकारिक भारत यात्रा के दौरान लक्सन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई द्विपक्षीय शिखर बैठक में दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को मजबूत करने, विशेष रूप से व्यापार, कृषि, शिक्षा, सेवा क्षेत्र, ऊर्जा और रक्षा क्षेत्र से जुड़े कई अहम समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। खास बात यह कि पिछले 10 वर्षों से प्रस्तावित और धीरे-धीरे आगे बढ़ रही भारत-न्यूजीलैंड व्यापार समझौता वार्ता को अब शीघ्रतापूर्वक महज 60 दिन में पूर्ण करना भी सुनिश्चित किया गया है। उल्लेखनीय है कि विगत 28 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी और यूरोपीय आयोग (ईयू) की प्रेसिडेंट उर्सला वोन लेयेन ने दोनों पक्षों के बीच कारोबार एवं आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए मुक्त व्यापार समझौता को लेकर जारी किंतु-परंतु को समाप्त कर दिया है। दोनों नेताओं ने इस बारे में प्रतिबद्धता जताते हुए अपने संबंधित मंत्रालयों को निर्देश दिया कि दोनों पक्षों के हितों के मुताबिक भारत-ईयू व्यापार समझौते पर इस वर्ष 2025 के अंत तक मुहर लगाई जाए। इसी तरह 13 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई वार्ता के दौरान द्विपक्षीय कारोबार को वर्ष 2030 तक 500 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा है। फरवरी में भारत के दौरे पर आए ब्रिटेन के व्यवसाय व कारोबार मंत्री जोनाथन रेनाल्ड्स ने कहा कि भारत के साथ व्यापारिक समझौते का उद्देश्य पांच से छह वर्षों में द्विपक्षीय कारोबार को तीन गुना करना है। ऐसे में भारत ने



ईयू की तरह अमेरिका और ब्रिटेन के साथ भी मुक्त व्यापार व निवेश समझौते को इसी साल 2025 में पूर्ण करने के मद्देनजर रणनीति तय की है।

यह उल्लेखनीय है कि इस समय जब दुनिया में द्विपक्षीय व्यापार समझौते नए सिरे से दोबारा अहम हो गए हैं, तब प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल के तहत जून 2024 से आगे बढ़ी व्यापार वार्ताओं को तेजी से पूर्ण करने और व्यापार समझौतों के क्रियान्वयन के लिए तत्परता से आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। इस परिप्रेक्ष्य में यदि हम पलटकर देखें तो पाते हैं कि गत वर्ष 13 से 15 जून को इटली में विकसित देशों के संगठन जी-7 के शिखर सम्मेलन में विशेष आमंत्रित देश के रूप में भारत शामिल हुआ और इस मौके पर सम्मेलन में शामिल प्रमुख देशों के राष्ट्र प्रमुखों के साथ भारत की द्विपक्षीय व्यापार वार्ताएं भी हुई। विगत 9 जुलाई को 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में मास्को में भारत और रूस के बीच बहुआयामी संबंधों की संपूर्ण श्रृंखला की समीक्षा के बाद भारत और रूस ने द्विपक्षीय कारोबार को 2030 तक 100 अरब डॉलर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। 22 सितंबर को न्यूयार्क में भारत और अमेरिका के बीच हुई बातचीत में कई व्यापार समझौतों के साथ कोलकाता में एक सेमीकंडक्टर प्लांट स्थापित करने का करार हुआ है। भारत और चीन के बीच पांच साल बाद अहम द्विपक्षीय वार्ता हुई। इस वार्ता के बाद भारत और चीन के बीच संबंधों का नया अध्याय दिखाई दे रहा है। इसी तरह विगत 16 दिसंबर को श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके अपने सबसे पहले राजकीय विदेशी दौरे पर भारत आए और उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के साथ नई दिल्ली में लाभदायक द्विपक्षीय वार्ता की। अब दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूती देने तथा पिछले वर्ष दिसंबर में की गई व्यापार वार्ताओं को अंतिम रूप देने के लिए पीएम मोदी आगामी माह अप्रैल में श्रीलंका जाएंगे। इन सबके साथ-साथ जहां नॉर्वे, हंगरी, ग्वाटेमाला, पेरू, चिली के साथ भी शीघ्र ही व्यापार समझौते की बातचीत शुरू हो सकती है, वहीं अब भारत द्वारा ओमान, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, इजरायल, भारत गल्फ कंट्रीज काउंसिल के साथ भी एफटीए को शीघ्रतापूर्वक अंतिम रूप देने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ा जा रहा है। इसमें कोई दो मत नहीं कि अमेरिका के टैरिफ लगाए जाने की योजना का भारत पर कोई ज्यादा असर नहीं होगा। विभिन्न नई शोध अध्ययन रिपोर्टों में यह बताया गया है कि ट्रंप की टैरिफ योजना से भारत के कुल निर्यात में महज 3 से 3.5 फीसदी गिरावट आ सकती है। निर्यात की इस कमी को मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर दोनों से अधिक निर्यात के माध्यम से पूरा किया जा सकेगा।

यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इस समय भारत दुनिया में सबसे अधिक 6.5 से 7 फीसदी विकास दर और सर्विस एक्सपोर्ट की वैश्विक राजधानी का तमगा हासिल करते हुए मजबूत घरेलू बाजार और रिकार्ड खाद्यान्न उत्पाद की ताकत के मद्देनजर दुनिया के कई विकसित और विकासशील देश भारत के साथ द्विपक्षीय और मुक्त व्यापार समझौतों के लिए तत्परता दिखा रहे हैं। उम्मीद करें कि अमेरिका के द्वारा भारत पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाए जाने की नई चुनौती के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौतों और नए मुक्त व्यापार समझौतों की वार्ता के दौरान शुरुआत से ही शुल्क, गैर शुल्क बाधाओं पर प्राथमिकता के साथ बातचीत करने और द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं को शीघ्रता से अंतिम रूप देने की नई रणनीति के अच्छे परिणाम बहुत जल्द सामने आते जाएंगे और वैश्विक वैल्यू चेन में भी भारत की हिस्सेदारी बढ़ते हुए दिखाई देगी। ऐसे में भारत टैरिफ चुनौतियों के बीच विभिन्न देशों में कारोबार की नई संभावनाओं को मुट्ठियों में लेते हुए वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ते हुए भी दिखाई देगा।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## डिजिटल युग
डॉ. ज्योत्सना शर्मा



# साइबर क्राइम की रोकथाम है ज़रूरी

आज के डिजिटल युग में, हम बहुत तेज़ी से आगे बढ़ रहे हैं और डिजिटल दुनिया के साथ सामंजस्य बिठा रहे हैं। औद्योगीकरण के युग में मानव समाज ने बड़ी सहजता से प्रौद्योगिकी को अंगीकृत किया है। हमारे पास अलग-अलग तकनीकें हैं, साधन हैं जो हमारे घरेलू और कामकाजी जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गई हैं, जैसे ऑडियो और वीडियो प्रौद्योगिकी, जीपीएस और लोकेशन सर्विस, अलग-अलग नेटवर्क, 4जी और 5जी क्लाउड सर्विस, स्मार्ट होम, साइबर सुरक्षा और आजकल जिसकी सबसे ज्यादा चर्चा है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अर्थात कृत्रिम मेधा। इन सभी तकनीकों ने मानव जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। प्रौद्योगिकी के उपयोग के साथ ही हम कुछ गंभीर मुद्दों का सामना भी कर रहे हैं जैसे कि तेज़ी से बढ़ते हुए साइबर अपराध। अंतरर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) के अनुसार, दुनियाभर में अनुमानित 4.1 बिलियन इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के लिए, इंटरनेट सुरक्षा संबंधी खतरे तेजी से बढ़ रहे हैं। साइबर अपराध को किसी भी गैरकानूनी कार्य के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जहां कंप्यूटर या संचार उपकरण या कंप्यूटर नेटवर्क का उपयोग अपराध करने या उसे सुविधाजनक बनाने के लिए किया जाता है। साइबर बेईमानी, साइबर स्टॉकिंग, साइबर ग्रूमिंग, ऑनलाइन जॉब फ्रॉड, ऑनलाइन सेक्सटॉर्शन, फ़िशिंग, फिरौती, बाल शोषण, डेबिट/क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी, क्रिप्टो जैकिंग कुछ प्रचलित साइबर अपराध के प्रकार हैं। इन अपराधों का समाज और व्यक्ति पर विभिन्न तरीकों से गहरा प्रभाव पड़ता है। इनमें से किसी भी प्रकार का साइबर अपराध किसी व्यक्ति, कंपनी और संगठन को वित्तीय नुकसान पहुंचा सकता है। पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया पर सूचनाओं में हेरफेर करके आम लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम भी हो रहा है जिससे उन्माद भड़क जाते हैं और आम जीवन अस्त व्यस्त हो जाता है। साइबर अटैक तनाव और मानसिक दबाव पैदा करते हैं, जो किसी को भी भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक रूप से नुकसान पहुंचाते हैं। 'क्राइम इन इंडिया' एनसीआरबी (स्त्रोत) के द्वारा प्रकाशित राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार वर्ष 2020-2022 के दौरान साइबर अपराधों के तहत 65893 मामले(सीआऱ) दर्ज किए गए।साइबर अपराधों के लिए धोखाधड़ी के तहत वर्ष 2020-2022 के दौरान राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार 17470 मामले (सीआर) दर्ज किए गए। I4C ने सक्रिय रूप से डिजिटल अरेस्ट के लिए उपयोग किए जाने वाले 3,962 से अधिक स्काइप आईडी और 83,668 व्हाट्सएप खातों की पहचान करके उन्हें ब्लॉक किया। भारत सरकार द्वारा 28.02.2025 तक पुलिस अधिकारियों द्वारा रिपोर्ट किए गए 7.81 लाख से अधिक सिम कार्ड और 2,08,469 आईएमईआई को ब्लॉक कर दिया गया है।

गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने इस मुद्दे को उच्च प्राथमिकता पर लिया और देश में साइबर अपराधों से निपटने के लिए भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र की स्थापना करके एक पहल की। विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों और हितधारकों के बीच समन्वय में सुधार करके साइबर अपराधों से निपटने के लिए इस योजना को शुरू किया गया था। मुख्य उद्देश्य देश में साइबर अपराध को रोकने के लिए एक नोडल केंद्र के रूप में कार्य करना है, ताकि महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले साइबर अपराध से लड़ा जा सके और साइबर अपराध के रुझान और पैटर्न की पहचान करना, ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायतों को आसानी से दर्ज किया जा सके और साइबर अपराधों को रोकने के बारे में जागरूकता पैदा की जा सके। साइबर फोरेंसिक जांच, साइबर हाईजीन, साइबर अपराध विज्ञान आदि के क्षेत्र में पुलिस अधिकारियों, सरकारी अभियोजकों और न्यायिक अधिकारियों की क्षमता निर्माण में राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों की सहायता करना। हम प्रौद्योगिकी को नकार नहीं सकते; हमें इसके साथ चलना होगा। कई तकनीकी संसाधनों के साथ, अब डिजिटल डिवाइड नहीं है और प्रौद्योगिकी के उन्नयन के साथ हम विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार और रचनात्मकता के कई उदाहरण देख रहे हैं, चाहे वह शिक्षा हो, चिकित्सा हो, ई-कॉमर्स हो आदि। ई-उद्यमिता आर्थिक विकास को गति दे रही है क्योंकि कोई भी व्यक्ति वैश्विक स्तर पर उत्पाद का विपणन और ब्रांडिंग करने के लिए डिजिटल कौशल का उपयोग कर सकता है। लेकिन अगर हम खुद को डिजिटल रूप से जागरूक रखते हैं, तो हम किसी भी तरह के साइबर अपराध से बच सकते हैं।

(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार व विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# शारीरिक-मानसिक शुद्धिकरण का उपाय है उपवास



संकलित
## दर्शन

हिंदू धर्म का पवित्र चैत्र नवरात्र प्रारंभ हो चुकी है। नवरात्रि आत्मशुद्धि और साधना का अवसर है। इस दौरान उपवास, ध्यान और पूजा से मनुष्य अपने अंदर की नकारात्मक शक्तियों को नियंत्रित कर आत्मा की शुद्धि और आध्यात्मिक चेतना के उच्चतर स्तर की ओर अग्रसर होता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवी दुर्गा की साधना और आध्यात्मिक उन्नति के लिए उपवास करेंगे। उपवास से शरीर और मन की शुद्धि होती है, जिससे ध्यान और साधना में एकाग्रता बढ़ती है। हाल ही में उपवास की चर्चा केवल नवरात्रि तक सीमित नहीं रही। उपवास एक अलग संदर्भ में भी चर्चा का विषय बना, जब प्रसिद्ध अमरीकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रीडमैन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साक्षात्कार लेने से पहले 45 घंटे तक उपवास किया। घोर भौतिकवादी समाज से आने वाले फ्रीडमैन ने इसे सिर्फ एक शारीरिक क्रिया नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक अनुभव बताया। उन्होंने कहा कि यह उपवास उनके लिए पीएम मोदी के साथ संवाद का सम्मान करने और उच्चतर 'आध्यात्मिक स्तर' तक पहुंचने का एक उपाय था। यह घटना दर्शाती है कि उपवास केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं है। उपवास आध्यात्मिक उन्नति और आत्म-अनुशासन का भी एक सार्वभौमिक साधन है, जिसे दुनिया भर में स्वीकार किया जा रहा है। पश्चिमी वैज्ञानिक और दार्शनिक भी अब उपवास के लाभों को समझ रहे हैं। हमारी प्राचीन संस्कृति में उपवास, जिसे लंघन के नाम से भी जाना जाता है, को बहुत महत्व दिया जाता है।

# आपके भीतर ही मनःस्थिति ही है खुशी का रहस्य



संकलित
## प्रेरणा

दुनिया की सभी शिक्षाएं महान खुशी पाने की बात करती हैं क्योंकि वे जानते हैं कि यही वह चीज है, जिसे हर कोई आखिरकार खोज रहा है। खुशी इस बात पर निर्भर नहीं करती कि हमारे पास क्या है या क्या नहीं है, यह बस एक मनःस्थिति है। यह ऐसी चीज नहीं है जिसे आप खरीद सकते हैं, यह पहले से ही आपके भीतर है, यहीं और अभी। हम जो कुछ भी बाहर चाहते हैं वह पहले से ही हमारे भीतर है। जीवन में हमेशा कुछ ऐसी चीजें होती हैं जो हमें परेशान करती हैं। इसे माया कहते हैं। उदाहरण के लिए अगर कोई आपसे प्यार करता है, तो यह परेशानी हो सकती है और अगर वह आपसे प्यार नहीं करता, तो यह भी परेशानी है। दोस्त और दुश्मन दोनों ही परेशानी का कारण हो सकते हैं। इसलिए यह संकल्प लेना जरूरी है, चाहे कुछ भी हो जाए, मैं अपनी खुशी नहीं खोऊंगा। भले ही आपको व्यापार, रिश्तों या जीवन के किसी भी दूसरे पहलू में नुकसान का सामना करना पड़े, लेकिन आपको अपनी खुशी नहीं खोनी चाहिए। यह आपके विकास का एक पैमाना है। जब आप खुशी के स्रोत पर जाते हैं, तो आपकी इंद्रियां मजबूत हो जाती हैं, आपका मन संतुष्ट हो जाता है और चीजें आपके पक्ष में होने लगती हैं। परफेक्ट होने के बारे में तनाव न लें। अगर आप परफेक्शन पर बहुत ज्यादा ध्यान केंद्रित करते हैं, तो आप गुस्सा महसूस करेंगे। दुनिया अपूर्ण लग सकती है, लेकिन अंदर से सब कुछ परफेक्ट है। परफेक्शन छिपा हुआ है, जबकि अपूर्णता दिखाई देती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### प्राइवेट सेक्टर के लिए भी हो उचित पेंशन का प्रावधान

सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए यूपीएस अर्थात यूनिफाइड पेंशन स्कीम शुरू की है। इससे सरकारी कर्मचारियों को क्या लाभ होगा और इससे क्या नुकसान होंगे इस पर सभी के अपने अपने विचार हो सकते हैं लेकिन समय के साथ साथ हर जगह हर चीज में परिवर्तन जरूरी है। इस नई पेंशन योजना से सरकारी कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने के बाद उनकी बारह महीनों की लगभग बेसिक वेतन के लगभग पचास प्रतिशत निश्चित पेंशन देने का प्रावधान किया गया है, लेकिन इसके लिए कर्मचारियों को लगभग पच्चीस साल तक नौकरी करनी होगी। सरकारों से यह अनुरोध है कि वो प्राइवेट सेक्टर में काम, रोजगार करने वाले लोगों के बुढ़ापा सुरक्षित करने के लिए भी कोई अच्छी सी पेंशन योजना अमल में लाए।

*– रमेश चौधरी, दुर्ग*

## ट्रेंड

### सहकारी शिक्षा

अब सहकारी शिक्षा भारतीय शिक्षा व पाठ्यक्रम का अभिन्न अंग बनेगी और त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय के माध्यम से देशभर के प्रशिक्षित युवा सहकारी क्षेत्र को अधिक व्यापक, सुव्यवस्थित और आधुनिक युग के अनुकूल बनाएँगे।

**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**



### भाषा विवाद गलत

जो लोग संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थों के नाते यह भाषा विवाद खड़ा कर रहे हैं, उनका राजनीतिक उल्लू सीधा तो हो सकता है, लेकिन, वो रोजगार पर प्रहार कर रहे हैं। इसीलिए वो राज्य पिछड़ते जा रहे हैं।

**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**



### विपक्षी दल एकजुट

सभी विपक्षी दल एकजुट हैं और वक्फ संशोधन विधेयक पर मोदी सरकार के असंवैधानिक और विभाजनकारी एजेंडे को हराने के लिए संसद में मिलकर काम करेंगे।

**- मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**



### नंदघर का सपना

जब नंदघर का सपना देखा था, सिर्फ एक ही सोच थी कि हर बच्चे को अच्छी शिक्षा और पोषण मिले, हर महिला के हाथ में रोज़गार हो। आज, 15 राज्यों में 8000 से अधिक नंदघरों के साथ, 3 लाख से ज़्यादा बच्चों का भविष्य संवर रहा है और 2.5 लाख महिलाएँ अपने पैरों पर खड़ी हैं।

**-अनिल अग्रवाल, उद्यमी**



## करंट अफेयर

# खालिदा जिया अप्रैल मध्य में बांग्लादेश लौट सकती है


बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री एवं बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) अध्यक्ष खालिदा जिया की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार है और उनके अप्रैल के मध्य में लंदन से बांग्लादेश लौटने की संभावना है। यह जानकारी मीडिया की एक खबर में पार्टी के एक नेता के हवाले से दी गई। बीएनपी महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने कहा कि जिया (79) अप्रैल के मध्य में स्वदेश लौटेंगी, लेकिन यह अभी भी निश्चित नहीं है। बीएनपी नेता ने यह भी कहा कि लंदन में जिया की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार है, जहां वह अपने परिवार के साथ ईद मना रही हैं। आलमगीर के हवाले से कहा गया, 'आज (रविवार) वहां ईद मनाई जा रही है। वह आठ साल बाद अपने परिवार के साथ ईद मना रही हैं।' यह जिया का लंदन में तीसरी ईद है, इससे पहले वह 2017 और 2015 में ईद के मौके पर लंदन में ही रही थीं। इस बीच, लंदन से यूनाइटेड न्यूज ऑफ बांग्लादेश से बात करते हुए जिया के निजी चिकित्सक एजेडएम जाहिद हुसैन ने कहा कि बीएनपी नेता जिया के स्वास्थ्य की स्थिति स्थिर है। उन्होंने कहा कि 25 जनवरी को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद से जिया घर पर ही उपचार करा रही हैं।



## ऑफ बीट

# बुजुर्गों के लिए मददगार हो सकते हैं वर्चुअल इंसान

सामाजिक रूप से अलग-थलग पड़ जाने के कारण अकेलेपन से जूझ रहे कई बुजुर्गों के लिए वर्चुअल इंसान का साथ मददगार साबित हो सकता है।



अभी तक केवल 'साइंस फिक्शन' (वैज्ञानिक काल्पनिक कहानियों) में नजर आने वाले ये वर्चुअल इंसान चल सकते हैं, बात कर सकते हैं और आपके सोफे पर बैठ सकते हैं। वह दिन दूर नहीं, जब हमारे सबसे अच्छे मित्रों में कम्प्यूटर जनित इंसान भी शामिल होंगे, क्योंकि बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं, जो बढ़ती उम्र के साथ अकेलेपन की समस्या से निपटने की कोशिश कर रहे हैं। विकसित होती प्रौद्योगिकी के बीच हमारी बदलती जनसांख्यिकी हमें इन वर्चुअल मनुष्यों की ओर ले जा सकती है। एशिया, यूरोप और उत्तर अमेरिका में कई ऐसे विकसित देश हैं, जिनके समाज की औसत आयु तेजी से बढ़ रही है। इसके कारण कुशल कार्यबल में कमी आने और स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवाओं पर अप्रत्याशित दबाव पड़ने की समस्या पैदा हो सकती है, जिनके समाधान की आश्यकता है। बुजुर्ग होती आबादी की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक समस्या सामाजिक स्तर पर अलग-थलग हो जाना है।

# पंचायत समिति की बैठक में जनप्रतिनिधियों ने कहा उठाये गये मुद्दों पर नही होता समाधान

### बैठक में लगाये विभागीय अधिकारियों पर जमकर आरोप

### जिला प्रमुख ने कहा पांच साल जनता के लिए जनप्रतिनिधि करे जन हित के कार्य

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा कोटकासिम**



बुधवार को कस्बे के पंचायत समिति सभागार में साधारण सभा की बैठक जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर की मौजूदगी एवं कोटकासिम प्रधान डॉ0 विनोद कुमारी सांगवान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत में ही जनप्रतिनिधियो का उत्साह बढ़ गया और एकराय होकर कहा की पंचायत समिति की साधारण सभा में स्थानीय जनप्रतिनिधियो द्वारा उठाये गये मुद्दो पर कोई समाधान नही होता। जिससे क्षेत्र के लोगो को काफी परेशानियो का सामना करना पड रहा है। उन्होने कहा की सबसे ताज्जुब का विषय तो यह है की उठाये गये मुद्दो को सुनने वाले उपखंड स्तर के अधिकारी भी हमेशा बैठक में नदारद मिलते है। वही कई विभाग के अधिकारी भी हमेशा बैठक में उपस्थित नही मिलते। ऐसे में भला उठाये गये मुद्दो का समय पर कैसे समाधान संभव हो सकता है। कार्यक्रम में गत बैठक की कार्यवाही का अनुमोदन पढकर सुनाया गया।

### बैठक में उपखंड अधिकारी व तहसीलदार की कुर्सी भी रही खाली

साधारण सभा की बैठक में विभागीय अधिकारियो के अलावा उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदार की कुर्सिया भी खाली दिखाई दी। जिसके चलते जनप्रतिनिधियो ने जिला प्रमुख को अवगत कराया की हमेशा से ही साधारण सभा की बैठक में विभागीय अधिकारियो के अलावा जिम्मेदार अधिकारियो की कुर्सिया खाली मिलती है। इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है की बैठक में उठाये गये मुद्दो का समाधान होना कैसे संभव हो सकता है।

### ये रहे अनुपस्थित

साधारण सभा की बैठक में सामाजिक कल्याण विभाग, परिवहन विभाग, चिकित्सा विभाग, पुलिस विभाग, सिंचाई विभाग सहित 15 विभागो के अधिकारी अनुपस्थित पाये गये।

### जनप्रतिनिधियो ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओ का उठाया मुद्दा

साधारण सभा की बैठक में मौजूद सरपंचो एवं पंचायत समिति सदस्यो ने ब्लॉक स्तरीय अधिकारियो पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए कहा की सरकार द्वारा योजनाओ के माध्यम से आमजन तक लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। लेकिन कोटकासिम में अधिकारी सरेआम नियमो का मखौल उडा रहे है। समय पर बैठक में मौजूद नही मिलते। जिससे जनता द्वारा उठाये गये मुद्दो का निस्तारण नही हो रहा है। क्षेत्र में परिवहन व्यवस्था गडबडाई हुई। वही स्वास्थ्य सेवाए भी राम भरोसे चल रही है। जिसका आमजन तक लाभ नही मिल पा रहा है। घीकाका सरपंच कुलदीप ग्वाला ने अवगत कराया की सानोदा गांव में योजना के तहत दो वर्ष पूर्व बोरवेल का कार्य पूरा कर दिया गया। लेकिन अभी तक ना तो पीने के पानी की सप्लाई की पाईपे लगाई गयी है। जिससे यह बोरवेल जनता के कोई भी काम नही आ रहा है। मकडावा सरपंच ने सदन को अवगत कराया की सडकों पर जगह-जगह ईंधन व गोसे लगाकर अतिक्रमण किया हुआ है। जिससे आये दिन दुर्घटनाए हो रही है। उन्होने सडको पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने का मुद्दा उठाया। वहीं क्षेत्र में जगह-जगह पीने के पानी की लीकेज लाईनो को दुरूस्त कराने की मांग की। ग्राम पंचायत पुर की सरपंच संगीता जेलदार ने पुर से नीमलाका सडक मार्ग पर 3 स्थानो पर बडे-बडे बने हुए गड्डो को दुरूस्त कराने की मांग की। वही खानपुर सरपंच ने अवगत कराया की चांचियावास से खानपुर अहीर पीडब्ल्यूडी द्वारा रोड बनाया जा रहा है। जो पूर्व में डाले गये ग्रेवल के ऊपर ही बनाया जा रहा है। अपनी तरफ से किसी भी प्रकार का ग्रेवल नही डाला जा रहा है। किसानो को खेतो के लिए पाईप डालने को भी मना किया जा रहा है। अत उपरोक्त कार्य की जांच कराकर कार्यवाही की जाये।

### जिला प्रमुख ने कहा तालमेल बैठाकर जनता के हितो में करे कार्य

बैठक में मौजूद जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर ने कहा की इस समय गर्मी का मौसम शुरू हो गया है। सबसे बडी समस्या बिजली व पानी की है। स्थानीय जनप्रतिनिधि आपसी तालमेल बैठाकर आमजन के हितो में कार्य करे तथा पानी की समस्याओ का समय रहते अवश्य समाधान कराये। उन्होने कहा की पांच वर्षो के लिए जनता ने जनप्रतिनिधियो को चुना है। जनप्रतिनिधि जनता के हितो में कार्य करे। इस अवसर पर विकास अधिकारी विरेन्द्र सिंह बुन्देल, विद्युत सहायक अभियंता सुमित चौधरी, आंकोली सरपंच कमलेश, झाडका सरपंच सावित्री, बघाना सरपंच पिंकी, तिंगावा सरपंच संदीप सिंह, जौडिया सरपंच रेणु कुमारी, बूढीबावल सरपंच श्रीराम यादव, बघेरी खुर्द सरपंच अमरी देवी, कतोपुर सरपंच मनीषा सहित काफी संख्या में जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## गर्मी बढ़ने पर पक्षियों के लिए विद्यार्थियों ने लगाए परिंडे



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा खैरथल,**

राजकीय महाविद्यालय खैरथल में विद्यार्थियों ने प्रकृति के नन्हे जीवों के प्रति संवेदना का प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय में पेड़ों पर परिंडे बाँधे। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपक चंदवानी ने बताया कि छात्र नीरज और पंकज ने युवाओं को किया और गर्मियों की आहट पाते ही महाविद्यालय के युवाओं ने पहल करते हुए प्राणिजगत के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन करने और नन्हीं जिंदगियों को सहारा देंने के उद्देश्य से महाविद्यालय में परिंडे बांधे तथा अपने आस पड़ोस में भी मूक प्राणियों के लिए दाने-पानी की व्यवस्था करने की शपथ ली। छात्रा मनीषा ने युवाओं को पर्यावरण के प्रति उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने और प्राणिमात्र के प्रति सेवा भाव जाग्रत करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी बताया। छात्र नीरज कुमार ने बताया कि मनुष्य तो अपने जीवन के लिए आवश्यक संसाधन जुटा लेने में सक्षम है, लेकिन महाविद्यालय परिसर में पेड़ों पर रहने वाले बेजुबान प्राणियों को पानी की कमी की वजह से परेशानी का सामना न करना पड़े इसलिए उन्होंने महाविद्यालय परिसर में जगह जगह परिण्डे बांधकर पक्षियों और गिलहरी आदि नन्हे प्राणियों के लिए बढ़ते हुए तापमान में पानी की व्यवस्था की है। पंकज ने सभी युवाओं को गर्मियों में नियमित रूप से इन परिंदों में पानी भरने की जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। परिण्डे लगाने में नीरज, पंकज, मनीषा, निशा सैनी, निशा यादव, मुस्कान आदि ने सहयोग किया।

## राजकीय महाविद्यालय बीबीरानी में भूगोल प्रायोगिक परीक्षा 8 और 9 अप्रैल को

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा कोटकासिम**

राजकीय महाविद्यालय बीबीरानी में बी.ए. प्रथम वर्ष (सेमेस्टर प्रथम) और द्वितीय वर्ष (सेमेस्टर तृतीय) के स्वयंपाठी छात्र-छात्राओं की भूगोल प्रायोगिक परीक्षा 8 और 9 अप्रैल को आयोजित की जायेगी। प्राचार्य डॉ0 काकुली चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि सेमेस्टर प्रथम की परीक्षा 8 अप्रैल 2025 को तथा सेमेस्टर तृतीय की परीक्षा 9 अप्रैल 2025 को संपन्न होगी।

## माँ अम्बे का छठा विशाल जागरण 7 अप्रैल एवं भव्य रथ यात्रा 6 अप्रैल को

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा कोटकासिम**

जय अम्बे जागरण मंडल एवं समस्त ग्रामवासी कोटकासिम के तत्वावधान में माँ अम्बे का छठा विशाल जागरण धूम-धाम से 7 अप्रैल को आयोजित होगा। इस दौरान रथ यात्रा 6 अप्रैल प्रात 8 बजे और विशाल जागरण 7 अप्रैल रात्रि 8 बजे आजाद चौक कोटकासिम में आयोजित होगा। कार्यक्रम के विशेष आकर्षण लक्की ड्रा चाँदी की 2 मूर्तियाँ, नन्दी झांकी की भव्य प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम में ज्योति प्रज्ज्वलन दीपक नाथ महाराज बाबा सोमनाथ आश्रम लाडपुर द्वारा की जायेगी। कार्यक्रम में कलाकार कोमल शर्मा पलवल, मनीष अरोड़ा कोटपुतली, सुनील शर्मा किशनगढ़बास, टीटू सुदामा झांकी द्वारा सांस्कृति कार्यक्रमो की प्रस्तुति दी जायेगी।

## भारत बंद आंदोलन में शहादत देने वाले को किया याद



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा**

2 अप्रैल 2018 के भारत बंद आंदोलन में शहादत देने वाले को याद किया एससी-एसटी समाज के लोगों ने तिजारा अंबेडकर चौक पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माला डालकर एवं शहादत देने वालो की याद में 2 मिनट का मौन धारण किया गया जिसमें एसटीएससी समाज के लोग मौजूद रहे। जिसमें बुधराम सुरेश जाटव नंदलाल सुरेश कुमार सुल्तान पालीवाल गुलशन जाजोरिया आदि लोग मौजूद रहे ।

## बाइक-स्कूटी की टक्कर में महिला टीचर की मौत

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा खैरथल**



खैरथल के किशनगढ़बास-खैरथल सड़क मार्ग पर बुधवार को बाइक और स्कूटी की टक्कर में एक महिला टीचर की दर्दनाक मौत हो गई। मृतका की पहचान खैरथल निवासी सरिता यादव के रूप में हुई, जो गांव नांगल मोजिया के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में तृतीय श्रेणी की शिक्षिका थीं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही किशनगढ़बास थाने से एएसआई शिवदयाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को किशनगढ़बास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में रखवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। हादसे को लेकर परिजनों में शोक की लहर है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है

## राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू, कलश यात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर**

अलवर में अपनाघर शालीमार परिसर में बने राम मंदिर में देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा का पांच दिवसीय महोत्सव धूमधाम से शुरू हो गया। बुधवार को मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत अनुष्ठान प्रारंभ हुआ। जिंदोली स्थित गुरुकुल के विद्वानों द्वारा यह प्रतिष्ठा करवाई जा रही है। प्रारंभिक दिन की भव्यता कलश यात्रा से देखने को मिली, जिसमें 351 महिलाएं श्रद्धा और उल्लास के साथ शामिल हुईं। भक्ति धाम से निकली इस यात्रा में श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों की थाप पर भजनों की धुनों के साथ नाचते-गाते चल रहे थे। भगवान शंकर, राधाकृष्ण और मां दुर्गा की झांकी इस यात्रा का प्रमुख आकर्षण रही। मार्ग में कई स्थानों पर पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। जैसे ही कलश यात्रा नवनिर्मित राम मंदिर पहुंची, वातावरण भक्तिमय हो गया। शाम होते ही मंदिर रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठा। मंदिर निर्माण में करीब ढाई साल का समय लगा और यह अयोध्या में बने राम मंदिर की तर्ज पर बनाया गया है। पांच बीघा भूमि पर फैले इस भव्य मंदिर में चार मंडप, गर्भगृह, राम दरबार, राधाकृष्ण, मां दुर्गा और गौरीशंकर की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। खास आकर्षण के रूप में मुख्य मंडप में काले पाषाण से निर्मित सवा पांच फीट ऊंची भगवान राम की प्रतिमा स्थापित है। मंदिर की दीवारों और फर्श पर भगवान राम के जीवन से जुड़े दृश्य उकेरे गए हैं, जो इसकी भव्यता को और अधिक बढ़ाते हैं। इस महोत्सव का कार्यक्रम 5 अप्रैल तक चलेगा। प्रतिदिन सुबह और शाम को विशेष पूजन आयोजित होगा। 6 अप्रैल को देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य अनुष्ठान सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगा, जिसके बाद दोपहर 12 बजे भंडारा आयोजित किया जाएगा। इसी दिन शाम 6 बजे भक्ति संगीत और 110 दीपों से महाआरती होगी। आतिशबाजी से इस आयोजन की भव्यता और बढ़ेगी। इस महोत्सव में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव मुख्य अतिथि रहेंगे, जबकि वन राज्यमंत्री संजय शर्मा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मंदिर के गर्भगृह के नीचे प्रवचन व धार्मिक आयोजनों के लिए हॉल बनाया गया है। इसके अलावा, ग्राउंड फ्लोर पर भगवान शंकर, श्याम बाबा, शिव पंचायत और नवग्रह के मंडप भी बनाए गए हैं। मंदिर सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक और शाम 4 बजे से रात 10 बजे तक खुला रहेगा।




## भिवाड़ी में प्लास्टिक कबाड़ के गोदाम में भीषण आग, धमाकों से दहशत



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा भिवाड़ी**

भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र के आकेड़ा गांव में बुधवार दोपहर करीब 2.30 बजे प्लास्टिक कबाड़ के एक गोदाम में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग के साथ लगातार धमाकों की आवाजें गूंजने से दहशत का माहौल बन गया, जिससे लोग अपने घरों से बाहर निकलने पर मजबूर हो गए। ज्वलनशील पदार्थों की अधिकता के कारण आग तेजी से फैल गई और आसमान में काले धुएं का गुबार छा गया। सूचना मिलते ही भिवाड़ी रीको और हरियाणा के धारूहेड़ा से दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने में जुट गईं। लेकिन प्लास्टिक से निकलने वाले जहरीले धुएं के कारण दमकलकर्मियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोग भी बाल्टियों से आग बुझाने में मदद कर रहे हैं। आग के गोदाम से सटे रिहायशी इलाकों तक पहुंचने का खतरा बना हुआ है, जिससे लोग प्रशासन से त्वरित राहत और सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है, लेकिन शॉर्ट सर्किट या चिंगारी से हादसे की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल, दमकल कर्मी आग पर काबू पाने के प्रयास में जुटे हुए हैं, जबकि प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और घटनास्थल से दूर रहने की अपील की है।

## उधार के पैसे मांगने पर चाचा से मारपीट, 22 हजार लूटने का आरोप




**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा भिवाड़ी**

भिवाड़ी के चौपानकी थाना क्षेत्र के ग्वालदा गांव में उधार के पैसे मांगना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। भतीजे और उसके साथियों ने चाचा को लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित साजिद ने आरोपी नदीम को 70 हजार रुपए उधार दिए थे, जिसमें से केवल 13 हजार रुपए लौटाए गए थे। 31 मार्च को साजिद ने बकाया राशि मांगी तो नदीम ने कुछ दिन में पैसे देने की बात कही। लेकिन रात में नदीम अपने साथियों फरदीन, शामिल और रिजवान के साथ हथियारों से लैस होकर साजिद के घर पहुंचा। आरोपियों ने साजिद को बाहर बुलाकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे उसके हाथ-पैर फ्रैक्चर हो गए। आरोप है कि मारपीट के दौरान साजिद की जेब से 22 हजार रुपए भी लूट लिए गए और परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। गंभीर रूप से घायल साजिद को जिला अस्पताल भिवाड़ी में भर्ती कराया गया। पीड़ित के भतीजे मुनफेद ने चौपानकी थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## हजरत मौलाना रुकनुद्दीन साहब अलवरी का 91वां सालाना उर्स 19 अप्रैल को

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर**

हजरत मौलाना रुकनुद्दीन साहब अलवरी का 91वां सालाना उर्स 19 अप्रैल को अग्रसेन सर्किल के पास स्थित उनकी दरगाह में शुरू होगा। आयोजन इंतजामिया कमेटी दरगाह हज़रत मौलाना रुकनुद्दीन साहब नक्शबंदी कादरी के द्वारा किया जाएगा। कमेटी के सदर फतेह मोहम्मद ठेकेदार ने बताया कि 19 अप्रैल की शाम को लंगर का आयोजन किया जाएगा और देर रात तक तकरीर का कार्यक्रम चलेगा। 20 अप्रैल को कुल की रस्म के साथ उर्स का समापन होगा।

# पंत को भी राहुल जैसी फटकार, बीच मैदान लखनऊ के मालिक गोयनका भड़के

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल 2025 के 13वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को पंजाब किंग्स के हाथों 8 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत भी बल्ले से फ्लॉप रहे और सीजन की अपनी दूसरी हार का सामना किया। इस मैच में मिली हार के बाद लखनऊ टीम के मालिक संजीव गोयनका और कप्तान ऋषभ पंत की तस्वीरें तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी।

तस्वीरों में देखकर ऐसा माना जा रहा है कि लखनऊ की हार के बाद गोयनका ने बीच मैदान पंत को फटकार लगाई। इन तस्वीरों को देखकर फैंस को आईपीएल के पिछले सीजन वाले दिन याद आ गए। जैसे संजीव गोयनका ने सरेआम केएल राहुल को डांट लगाई थी।




### पंत ने सिर झुकाए झेला गुस्सा

इस मैच के बाद सोशल मीडिया पर ऋषभ पंत और लखनऊ सुपर जायंट्स के मालिक संजीव गोयनका की तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही है, जिसे देखकर माना जा रहा है कि वह पंत की टीम और उनके खराब प्रदर्शन की वजह से भड़ास निकाल रहे हैं। वैसे संजीव के उंगली उठाने वाली तस्वीर के पीछे की वजह खुद पंत की फ्लॉप बल्लेबाजी हो सकती है। इस दौरान पंत सिर झुकाए गोयनका का गुस्सा झेल रहे थे।




### लखनऊ को मिली हार

लखनऊ को अपने होम ग्राउंड इकाना स्टेडियम में मंगलवार को पंजाब किंग्स के हाथों 8 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। पहले बैटिंग करते हुए लखनऊ की टीम ने 20 ओवर में 171 रन बनाए। इसके जवाब में पंजाब की टीम ने 2 विकेट खोकर 16.2 ओवर में लक्ष्य हासिल किया। पंजाब किंग्स ने सीजन की दूसरी जीत दर्ज की, जबकि लखनऊ की टीम को दूसरी हार मिली।

### राहुल को फटकार की यादें ताजा

सोशल मीडिया पर केएल राहुल और संजीव गोयनका की फोटो को देखकर फैंस खूब प्रतिक्रिया दे रहे हैं। फैंस उस पल को याद कर रहे हैं जब पिछले आईपीएल सीजन संजीव गोयनका ने बीच मैदान राहुल को फटकार लगाई थी। इसके बाद फ्रेंचाइजी ने राहुल को आईपीएल 2025 में रिलीज कर दिया था।

### पंत ने तीन मैचों में बनाए सिर्फ 17 रन

आईपीएल के इतिहास के सबसे महंगे प्लेयर बने ऋषभ पंत, जिन्हें ऑक्शन 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स ने 27 करोड़ रुपए में खरीदा था। उनसे हर किसी को कुछ बड़ा करने की उम्मीद थी, लेकिन वह अब तक खेले गए दोनों मैचों में नाकाम रहे हैं। उन्होंने 3 मैचों में सिर्फ 17 रन बनाए हैं।

खास खबर

## अय्यर की पारी तीसरे गियर की रॉल्स रॉयस



**लखनऊ।** पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ जीत में शानदार अर्धशतक जमाने वाले कप्तान श्रेयस अय्यर की तुलना 'तीसरे गियर में रॉल्स रॉयस' से की है। अय्यर ने लगातार दूसरा नाबाद अर्धशतक जमाते हुए 52 रन बनाए जिसके दम पर पंजाब ने 172 रन का लक्ष्य दो विकेट खोकर 16.2 ओवर में हासिल कर लिया। पोटिंग कहा, 'कप्तान ने फिर इसे आसान बना दिया। रॉल्स रॉयस अधिकांश समय तीसरे गियर में ही रही। इससे ज्यादा आक्रामक होने की जरूरत नहीं है।'

### महिला राष्ट्रीय शिविर के कोर ग्रुप में 40 खिलाड़ी चयनित

**बेंगलुरु।** हॉकी इंडिया ने यहां चल रहे राष्ट्रीय शिविर में पिछले दो सप्ताह के प्रदर्शन के आकलन के बाद कोर खिलाड़ियों का समूह 65 से 40 खिलाड़ियों का कर दिया। शिविर बेंगलुरु स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण के केंद्र पर 23 मार्च को शुरू हुआ था। इसमें 28 सीनियर खिलाड़ियों की जगह बरकरार है जबकि 12 नए खिलाड़ियों को 15वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप और राष्ट्रीय शिविर के पहले चरण में उनके प्रभावी प्रदर्शन के आधार पर चुना गया। गोलकीपिंग में सविता, बिछू देवी खारीबम, बांसरी सोलंकी और माधुरी किंडो हैं।

### प्रभाकरन की नियुक्ति पर कोर्ट ने लगाई रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के महासचिव के रूप में अनिलकुमार प्रभाकरन की नियुक्ति पर रोक लगा दी। यह रोक उस याचिका के आधार पर लगाई गई है जिसमें कहा गया है कि उनकी नियुक्ति राष्ट्रीय खेल संहिता का उल्लंघन है। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने कहा कि इस मामले की अगली सुनवाई अगले सप्ताह होगी। अदालत ने दिल्ली फुटबॉल क्लब के निदेशक रंजीत बजाज की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि इस बीच प्रभाकरन की नियुक्ति पर रोक लगनी चाहिए।

### सैमसन रॉयल्स की कप्तानी के लिए तैयार



**बेंगलुरु।** संजू सैमसन को इंडियन प्रीमियर लीग में विकेटकीपिंग करने के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी से मंजूरी मिल गई है और वह राजस्थान रॉयल्स के कप्तान के रूप में वापसी करने के लिए तैयार हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच फरवरी में खेली गई टी20 श्रृंखला के दौरान तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की गेंद पर सैमसन के दाहिने हाथ की बीच की उंगली पर चोट लग गई थी जिसकी उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी। वह राजस्थान रॉयल्स के आईपीएल में पहले तीन मैच में विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में खेले थे तथा रियान पराग ने उनकी जगह कप्तानी का दायित्व संभाला था।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलोर | 3 | 2 | 1 | 4 |
| पंजाब | 2 | 2 | 0 | 4 |
| दिल्ली | 2 | 2 | 0 | 4 |
| गुजरात | 3 | 2 | 1 | 4 |
| मुंबई | 3 | 1 | 2 | 2 |
| लखनऊ | 3 | 1 | 2 | 2 |
| चेन्नई | 3 | 1 | 2 | 2 |
| हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 2 |
| राजस्थान | 3 | 1 | 2 | 2 |
| कोलकाता | 3 | 1 | 2 | 2 |

ऑरेंज कैप | पर्पल कैप



निकोलस पूरन
189 रन
लखनऊ

नूर अहमद
09 विकेट
चेन्नई

## टाइटंस ने ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत आरसीबी को आठ विकेट से हराया

17.5 ओवर में दो विकेट पर 170 रन बनाकर जीत हासिल की

भाषा ▶▶| बेंगलुरु


*मोहम्मद सिराज और साई किशोर की उम्दा गेंदबाजी के बाद जोस बटलर के तूफानी अर्धशतक से गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के खिलाफ आठ विकेट की आसान जीत दर्ज की। आरसीबी के 170 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टाइटंस ने जोस बटलर की 39 गेंद में छह छक्कों और पांच चौकों से नाबाद 73 रन की पारी के अलावा सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन (49) के साथ उनकी दूसरे विकेट की 75 और शेरफाइन रदरफोर्ड (नाबाद 30, 18 गेंद, तीन छक्के, एक चौका) के साथ तीसरे विकेट की 63 रन की अटूट साझेदारी से 17.5 ओवर में दो विकेट पर 170 रन बनाकर जीत हासिल की। सिराज ने इससे पहले 19 रन देकर तीन जबकि किशोर ने 22 रन देकर दो विकेट चटकाए जिससे आरसीबी ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। लिविंगस्टोन ने 40 गेंद में पांच छक्कों और एक चौके से 54 रन की पारी खेलने के अलावा जितेश शर्मा (33) के साथ पांचवें विकेट के लिए 52 और टिम डेविड (32) के साथ सातवें विकेट के लिए 46 रन जोड़कर आरसीबी का स्कोर आठ विकेट पर 169 रन तक पहुंचाया।*



### 42 रन पर चार विकेट गंवाए

*मेजबान टीम एक समय 42 रन पर चार विकेट गंवाने के बाद संकट में थी लेकिन लिविंगस्टोन और डेविड की पारी की बदौलत अंतिम पांच ओवर में 64 रन जोड़ने में सफल रही। लक्ष्य का पीछा करने उतरे टाइटंस ने पावर प्ले में कप्तान शुभमन गिल (14) का विकेट गंवाकर 42 रन बनाए। गिल को भुवनेश्वर कुमार (23 रन पर एक विकेट) ने लिविंगस्टोन के हाथों कैच कराया। सुदर्शन अच्छी लय में नजर आए। उन्होंने जोश हेजलवुड की लगातार गेंदों पर छक्का और चौका मारा। उन्होंने यश दयाल और रसिख सलाम की गेंद को भी बाउंड्री के दर्शन कराए। बटलर ने भी तेवर दिखाते हुए रसिख के ओवर में दो छक्के और एक चौका मारा।बटलर ने 12वें ओवर में कृणाल पंड्या का स्वागत छक्के के साथ किया जबकि सुदर्शन ने लगातार दो चौकों के साथ टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। सुदर्शन हालांकि अगले ओवर में हेजलवुड की गेंद पर विकेटकीपर जितेश को कैच दे बैठे। उन्होंने 36 गेंद की अपनी पारी में सात चौके और एक छक्का मारा। रदरफोर्ड ने हेजलवुड पर चौके से खाता खोला और फिर कृणाल पर छक्का जड़ा। बटलर ने लिविंगस्टोन की लगातार गेंदों पर चौके और छक्के के साथ 31 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। टाइटंस को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 36 रन की दरकार थी और बटलर तथा रदरफोर्ड ने दो-दो छक्के जड़कर टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचा दिया। इससे पहले गिल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया जिसे उनके गेंदबाजों ने सही साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।*

### खबर संक्षेप



### महासंघों के बीच टकराव खेलों के हित में नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने खेल महासंघों में भीतरी कलह और विवादों पर चिंता जताते हुए बुधवार को कहा कि ऐसा माहौल खेलों के लिए अच्छा नहीं है। मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने भारतीय मुक्केबाजी महासंघ की अपील पर यह टिप्पणी की। बीएफआई ने उसकी चुनाव प्रक्रिया को लेकर एकल पीठ के आदेश के खिलाफ यह याचिका दायर की थी। सुनवाई के दौरान महासंघ के सचिव और कोषाध्यक्ष की ओर से वकील ने कहा कि अपील विधिवत दायर नहीं की गई थी, क्योंकि इसे बीएफआई अध्यक्ष ने बिना किसी अधिकार के दायर किया गया था।

### मुंबई को छोड़कर गोवा के लिए खेलेंगे यशस्वी



**मुंबई।** भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने निजी कारणों से अपनी घरेलू टीम मुंबई को छोड़ने का फैसला किया है। जायसवाल ने मुंबई क्रिकेट संघ को मंगलवार को लिखे पत्र में कहा कि वह मुंबई छोड़कर गोवा के लिए खेलना चाहते हैं। एमसीए ने उनका अनुरोध मान लिया। अब जायसवाल 2025-26 सत्र में गोवा के लिए खेलेंगे। एमसीए के एक अधिकारी ने बताया, 'यह हैरानी की बात है। उसने कुछ सोचकर ही यह कदम उठाया होगा। उनसे हमने कहा कि उसे रिलीज कर दिया जाए और हमने उसका अनुरोध मान लिया।' जायसवाल ने मुंबई के लिए आखिरी मैच 23 से 25 जनवरी के बीच रणजी ट्रॉफी में जम्मू कश्मीर के खिलाफ खेला था। अर्जुन तेंदुलकर और सिद्धेश लाड के बाद मुंबई को छोड़कर गोवा जाने वाले जायसवाल तीसरे क्रिकेटर हैं। तेंदुलकर और लाड 2022 . 23 सत्र में गोवा चले गए थे। लाड हालांकि पिछले सत्र में मुंबई के लिए लौटे हैं।

क्रिकेट

## न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 83 रन से रौंदकर जीती 3 मैचों की श्रृंखला



एजेंसी ▶▶| हैमिल्टन

बेन सीयर्स के पांच विकेट के दम पर न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 208 रन पर आउट करके दूसरा एक दिवसीय क्रिकेट मैच 84 रन से जीत लिया और तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त भी बना ली।

पाकिस्तानी टीम 41.2 ओवर में आउट हो गई। इससे पहले न्यूजीलैंड ने आठ विकेट पर 292 रन बनाए जिसमें मिच हे ने 99 रन का योगदान दिया। उन्होंने पारी के आखरी ओवर में दो छक्कों और दो चौकों के साथ 22 रन निकाले लेकिन शतक से एक रन से चूक गए। न्यूजीलैंड ने नेपियर में पहला मैच 73 रन से जीता था। पाकिस्तान के लिए फहीम अशरफ ने सर्वाधिक 73 रन बनाए और नौवे विकेट के लिए नसीम शाह के साथ 60 रन की साझेदारी भी की। नसीम ने 51 रन बनाए। दोनों का यह पहला वनडे अर्धशतक है। न्यूजीलैंड के लिए विल ओराउरकी ने पहले छह ओवर में आठ रन देकर एक विकेट लिया। उनकी गेंद पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान को दो बार लगी। इसके बाद हारिस रऊफ को भी उनका बाउंसर हेलमेट पर लगा। रऊफ कनकशन टेस्ट में नाकाम रहकर रिटायर्ड हर्ट हो गए और नसीम ने उनकी जगह ली। वनडे क्रिकेट में पदार्पण करने वाले सीयर्स ने पांच विकेट लिए जबकि जैकब डफी को तीन विकेट मिले।

### बीसीसीआई ने दिग्वेश पर लगाया जुर्माना

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के स्पिनर दिग्वेश सिंह राठी पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना और एक डिमेरिट अंक लगाया गया है जिन्होंने आईपीएल मैच में पंजाब किंग्स के बल्लेबाज प्रियांश आर्य को आउट करने के बाद 'पत्र लिखने की मुद्रा में ' जश्न मनाया था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने राठी को पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जाइंट्स के बीच इकाना स्टेडियम पर हुए मैच के दौरान आईपीएल की आचार संहिता तोड़ने के लिए दंडित किया।



आईपीएल ने कहा, 'दिग्वेश सिंह को धारा 2.5 के तहत लेवल एक के अपराध का दोषी पाया गया। उन्होंने मैच रैफरी द्वारा सुनाई गई सजा स्वीकार कर ली है।' यह विवादित जश्न उन्होंने तीसरे ओवर की पांचवीं गेंद पर प्रियांश को आउट करने के बाद मनाया ।

### चक्रवर्ती तीसरे स्थान पर खिसके हार्दिक पंड्या नंबर-1 ऑलराउंडर

**दुबई।** भारत के रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की पुरुष टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में एक स्थान गिरकर तीसरे स्थान पर खिसक गए जबकि हार्दिक पंड्या बुधवार को जारी ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। चक्रवर्ती 706 रेटिंग अंक के साथ न्यूजीलैंड के जेकब डफी (723) और वेस्टइंडीज के अकील हुसैन (707) से पीछे हैं। लेग स्पिनर रवि बिश्नोई (674) और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह (653) क्रमशः सातवें और 10वें स्थान के साथ शीर्ष 10 में शामिल अन्य दो भारतीय गेंदबाज हैं। अक्षर पटेल 13वें स्थान पर हैं। भारत के बाएं हाथ के युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड शीर्ष पर हैं जबकि इंग्लैंड के फिल सॉल्ट तीसरे स्थान पर हैं। दो अन्य भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। पंड्या 252 रेटिंग अंक के साथ ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। उनके बाद नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी और ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस का नंबर आता है।



## जदुमणि ने मुक्केबाजी विश्व कप के सेमीफाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय मुक्केबाज जदुमणि सिंह मांडेंगबाम ने ब्राजील के फोज डो इगुआकु में चल रहे विश्व मुक्केबाजी कप के 50 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है लेकिन भारत के तीन अन्य खिलाड़ी पहले दौर में ही बाहर हो गए।

मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन 20 वर्षीय जदुमणि ने मंगलवार देर रात 50 किग्रा के क्वार्टर फाइनल में पिछले साल के विश्व मुक्केबाजी कप के रजत पदक विजेता ग्रेट ब्रिटेन के एलिस ट्रोब्रिज को कड़े मुकाबले में 3-2 के विभाजित निर्णय से हराया। सेमीफाइनल में जदुमणि का मुकाबला पूर्व एशियाई अंडर-22 चैंपियन उज्बेकिस्तान के असिलबेक जालिलोव से होगा। इस बीच एशियाई खेलों के पदक विजेता नरेंद्र बेरवाल (90 किग्रा से अधिक), निखिल दुबे (75 किग्रा) और जुगनू (85 किग्रा) क्वार्टर फाइनल में हार के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गए।



हांगझोउ एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता नरेंद्र ने कजाकिस्तान के सपरबे डेनियल को कड़ी चुनौती दी, लेकिन पहले राउंड में सर्वसम्मति से जीत के बावजूद उन्हें आखिर में करीबी मुकाबले में 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। निखिल स्थानीय खिलाड़ी काउ बेलिनी से 0-5 से हार गए जबकि जुगनू को फ्रांस के अब्दुलाये ट्राओरे के खिलाफ 1-4 के विभाजित फैसले में हार का मुंह देखना पड़ा।

### घरेलू मैदान पर हार पर भड़के लखनऊ के मेंटोर जहीर खान

## ऐसा लगा पंजाब के क्यूरेटर ने बनाई है पिच

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

तीन मैचों में से दो हार चुकी लखनऊ सुपर जाइंट्स टीम के मेंटोर जहीर खान ने पंजाब किंग्स से मिली पराजय के बाद इकाना स्टेडियम की पिच की पर भड़ास निकालते हुए कहा कि ऐसा लग रहा था कि पंजाब के क्यूरेटर ने इसे तैयार किया है। असमान उछाल वाली पिच पर 172 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब ने प्रभसिमरन सिंह के 34 गेंद में 69 रन की मदद से आठ विकेट से जीत दर्ज की।



जहीर ने मैच के बाद कहा, 'मैं इसलिए थोड़ा निराश हूं कि यह घरेलू मैच था और आईपीएल में आपने देखा है कि टीमों को घरेलू मैदानों पर खेलने का फायदा मिलता है। इस लिहाज से मुझे लगता है कि क्यूरेटर ने यह नहीं सोचा कि यह घरेलू मैच है। ऐसा लग रहा था कि पंजाब के क्यूरेटर यहां थे।' लखनऊ सुपर जाइंट्स से जुड़ने से पहले मुंबई इंडियंस के क्रिकेट विकास वैश्विक प्रमुख रहे जहीर ने कहा कि इस वजह से घरेलू प्रशंसकों को अपनी टीम को जीतते देखने का मौका नहीं मिला।

उन्होंने कहा, 'इस पर बात करनी होगी। मेरे लिए यह नई टीम है लेकिन उम्मीद है कि आगे से किसी मैच में ऐसा नहीं होगा क्योंकि आप अपने प्रशंसकों को भी निराश कर रहे हैं। वे यहां पहला घरेलू मैच जीतते देखने की उम्मीद लेकर आए थे।'

### टीम का जीत पर फोकस

जहीर ने कहा, 'यह सत्र का तीसरा मैच है और हमने अक्सर बोला है कि टीम इस सत्र में कैसी है। हम प्रक्रिया पर फोकस कर रहे हैं, नतीजों पर नहीं। हमें कुछ पहलुओं पर काम करना होगा।' भारत के पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा कि कुछ खिलाड़ियों की चोटों को लेकर वह चिंतित नहनीं है और अच्छी बात यह है कि हार के बावजूद टीम ने प्रभाव छोड़ा है। उन्होंने कहा, 'कुछ खिलाड़ी चोटिल हैं लेकिन हमारी टीम ने इस सत्र में सर्वाधिक विकेट लिए हैं। पहले दो मैचों में हमने 18 विकेट चटकाए। इस टीम ने अपनी छाप छोड़ी है। आप टीम में लीक से हटकर सोच, जुझारूपन, जीत की भूख देखना चाहते हैं और हम प्रशंसकों को यही देना चाहते हैं।'

# बिजली के निजीकरण पर रोक लगाने की मांग, मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा कोटपूतली

राजस्थान में बिजली उत्पादन, प्रसारण और वितरण के बढ़ते निजीकरण के खिलाफ संयुक्त संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। समिति ने बिजली क्षेत्र के निजीकरण से होने वाले संभावित दुष्प्रभावों पर चिंता जताते हुए इस प्रक्रिया को तुरंत रोकने की मांग की। संघर्ष समिति के अनुसार, सरकार विभिन्न योजनाओं और मॉडल के तहत अंधाधुंध निजीकरण कर रही है, जिससे आम जनता, किसानों और उद्योगों को भारी नुकसान होगा। बिजली जैसी आवश्यक सेवा को निजी हाथों में देने से उपभोक्ताओं पर महंगी बिजली का बोझ पड़ेगा और राज्य की ऊर्जा सुरक्षा प्रभावित होगी।

### बिजली वितरण में निजीकरण का बढ़ता प्रभाव

वर्तमान में राज्य के तीनों डिस्कॉम में अधिकांश कार्य आउटसोर्स, ठेके और अन्य निजीकरण प्रक्रियाओं के माध्यम से संचालित हो रहे हैं। अब एचएएम मॉडल के तहत 33/11 केवी ग्रिड के फीडर सेग्रिगेशन और सोलराइजेशन को निजी हाथों में दिया जा रहा है, जिससे ग्रिड सुरक्षा को खतरा हो सकता है। यह प्रक्रिया राज्य और देश की सामरिक सुरक्षा के लिए भी चुनौती बन सकती है।



### प्रसारण निगम में निजीकरण का दबाव

राज्य में लाभ देने वाले प्रसारण निगम के ग्रिडों का संचालन अब क्लस्टर मॉडल के तहत ठेके पर दिया जा रहा है, जबकि यह मॉडल पहले ही असफल साबित हो चुका है। कई निजी कंपनियां क्लस्टर छोडकर् भाग चुकी हैं। अब 765 केवी और 400 केवी ग्रिड सब-स्टेशन की आय निजी कंपनियों को सौंपने की योजना बनाई जा रही है, जिससे प्रसारण निगम घाटे में जा सकता है।

### उत्पादन निगम में निजी करण की साजिश

राज्य में उच्च गुणवत्ता और कम लागत वाले तापीय विद्युत उत्पादन गृह, जो राजस्थान को ऊर्जा आत्मनिर्भर बना रहे हैं, उन्हें केंद्रीय सार्वजनिक निगमों के साथ संयुक्त उपक्रम में देने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। संघर्ष समिति का कहना है कि सरकार बिना पूंजीगत निवेश की आवश्यकता के भी अपने हिस्से और अधिकार को छोड़ रही है, जो जनता और कर्मचारियों के साथ विश्वासघात है।

### संघर्ष समिति की मांग

संयुक्त संघर्ष समिति ने सरकार से मांग की है कि बिजली क्षेत्र के निजीकरण पर तुरंत रोक लगाई जाए। समिति ने चेतावनी दी कि यदि सरकार जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाती, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार, जेईएन रामलखन, कृष्णा, अनिल, बुधराम, अजय, पवन, सुमित, रूपसिंह, महेश, सुशील, गिरवर, प्रकाश, पुष्कर, मेघराज, निरंजन, कर्मपाल, यादराम, विनोद, शरद, उमेश, संदीप, देशराज सहित कई विद्युतकर्मी मौजूद रहे।

## पीटीईटी 2025 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 07 अप्रैल

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा कोटपूतली

प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों में संचालित दो वर्षीय बी.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा पीटीईटी 2025 हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 07 अप्रैल निर्धारित की गई है। जिला समन्वयक डॉ. आर. के. सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा का आयोजन 15 जून को किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी पीटीईटी की आधिकारिक वेबसाइट या ई-मित्र के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन शुल्क 500 रुपये रखा गया है। राज्य सरकार द्वारा आयोजित इस प्रवेश परीक्षा के माध्यम से बी.एड. पाठ्यक्रम में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों को योग्यतानुसार कॉलेज आवंटित किए जाएंगे। आवेदन प्रक्रिया के संबंध में अधिक जानकारी संबंधित पोर्टल पर उपलब्ध है।

## विभागों से नहीं गुम होंगे शिकायती पत्र, मिलेगी प्राप्ति रसीद

### रसीद न देने वाले संबंधित के विरुद्ध होगी कार्रवाई

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा लक्ष्मणगढ़

राज्य सरकार के प्रशासनिक सुधार विभाग ने शिकायतों और परिवादों की पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए नए निर्देश जारी किए हैं। अब सरकारी कार्यालयों में आने वाले शिकायती पत्रों की प्राप्ति रसीद अनिवार्य रूप से दी जाएगी। यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी रसीद देने से इनकार करता है, तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। सरकार के आदेशानुसार, सभी जिलाधीशों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने अधीनस्थ कार्यालयों में इन नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। प्रत्येक शिकायतकर्ता को शिकायत दर्ज कराने के बाद प्राप्ति रसीद दी जाएगी, जिसमें आवेदक का नाम, पता, मोबाइल नंबर, प्रार्थना पत्र का क्रमांक, शिकायत की तारीख और उसका संक्षिप्त विवरण दर्ज होगा। इसके अलावा, प्रत्येक कार्यालय को प्राप्त शिकायतों की रिपोर्ट भी प्रस्तुत करनी होगी। हालांकि, आदेश जारी होने के बावजूद कई विभागों में इसका अनुपालन नहीं हो रहा है। आमजन को रसीद न देकर शिकायतों को नजरअंदाज करने की प्रवृत्ति अब भी बनी हुई है। ऐसे में सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि रसीद न देने वाले संबंधित अधिकारी या कर्मचारी पर कार्रवाई होगी। इसके साथ ही, सभी सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, चिकित्सालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों और अन्य संस्थानों की दीवारों पर स्लोगन लिखवाने के भी निर्देश दिए गए हैं, जिसमें नागरिकों को यह जानकारी दी जाएगी कि "यहां सभी प्रकार की परिवाद, शिकायत एवं प्रार्थना पत्र स्वीकार किए जाते हैं और प्राप्ति रसीद लेना आपका अधिकार है।" लेकिन, कई कार्यालयों में अब तक इन निर्देशों का पालन नहीं किया गया है। सरकार की इस पहल से आम जनता को राहत मिलने की उम्मीद है, क्योंकि शिकायतों के गुम होने की समस्या लंबे समय से बनी हुई थी। प्राप्ति रसीद की अनिवार्यता से अब हर शिकायत का एक आधिकारिक रिकॉर्ड रहेगा, जिससे समाधान प्रक्रिया में तेजी आएगी और जवाबदेही तय की जा सकेगी।

## विश्व कल्याण के लिए नवकार महामंत्र जाप का आयोजन



वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा लक्ष्मणगढ़

संपूर्ण विश्व में शांति, सामंजस्य और सौहार्दपूर्ण वातावरण स्थापित करने के उद्देश्य से आगामी 9 अप्रैल को विश्व नवकार दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर 108 देशों में 6000 से अधिक स्थानों पर स्थानीय समयानुसार सुबह 8.00 से 9.30 बजे तक नवकार महामंत्र का सामूहिक जाप किया जाएगा। समाज के प्रमोद जैन ने बताया कि राजस्थान में अधिक से अधिक लोगों तक इस आयोजन की जानकारी पहुंचाने के लिए विशेष रथ यात्रा निकाली जा रही है। यह यात्रा फलोदी से प्रारंभ होकर विभिन्न कस्बों, शहरों और गांवों में जागरूकता अभियान के रूप में जारी है। उन्होंने बताया कि नवकार महामंत्र गुण प्रधान मंत्र है, जिसमें व्यक्ति या धर्म विशेष की पूजा नहीं, बल्कि गुणों की आराधना की जाती है। यह आयोजन जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के नेतृत्व में किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न धर्मगुरु और सामाजिक संस्थाएं सहयोग कर रही हैं। नवकार महामंत्र को आत्मिक शुद्धि का मार्ग बताया गया है, जिसे कोई भी व्यक्ति जप कर आत्मोद्धार कर सकता है। इस क्रम में कस्बे में नवकार महामंत्र कलश यात्रा का आयोजन किया गया, जिसका स्वागत कठूमर रोड पर समाज द्वारा किया गया। इस दौरान समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें सुमेरचंद जैन, भागचंद जैन, एडवोकेट सुशील जैन, सुभाष जैन, मुकेश जैन, एडवोकेट हेमंत जैन, एडवोकेट नरेंद्र जैन, प्रमोद कुमार जैन, कमलेश जैन, कुसुम लता जैन, मुन्नी जैन, सपना जैन, अंजलि, नैना और सिद्धि सहित अन्य समाजजन शामिल रहे।

## न्यायालय की समझाइश से बसा टूटता हुआ घर



वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर

पारिवारिक न्यायालय संख्या एक में एक महत्वपूर्ण सुलह प्रक्रिया पूरी हुई, जिसमें न्यायालय के पीठासीन अधिकारी अनिल कौशिक ने पति-पत्नी के बीच सुलह करवाई। मामला एक दंपति के पारिवारिक विवाद से जुड़ा था, जिनका विवाह 2 मई 2020 को हुआ था। विवाह के बाद दोनों के बीच आपसी मतभेद बढ़ गए थे, जिससे उनका वैवाहिक जीवन संकट में आ गया था। आज न्यायालय में पीठासीन अधिकारी द्वारा दोनों पक्षों को समझाइश दी गई, जिसमें उन्हें अपने भविष्य को ध्यान में रखते हुए गिले-शिकवे दूर करने की सलाह दी गई। न्यायालय की इस पहल का सकारात्मक असर हुआ और दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से सुलह कर ली। पति-पत्नी ने न्यायालय में ही एक-दूसरे को माला पहनाकर अपने रिश्ते को फिर से स्वीकार किया और खुशी-खुशी एक साथ घर लौट गए। इस निर्णय से न केवल एक परिवार टूटने से बचा, बल्कि वैवाहिक जीवन को नया अवसर भी मिला। न्यायालय की पहल से दंपति के बीच सुलह संभव हो सकी, जिससे उनका घर फिर से बस गया।

## पीएम मोदी के नारे सबका साथ-सबका विकास के लक्ष्य के साथ कर रहे कार्यः पटेल



### विभिन्न विकास कार्यों का किया शिलान्यास व उद्घाटन

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा कोटपूतली

विधायक हंसराज पटेल ने बुधवार को ग्राम पंचायत पुरूषोत्तमपुरा का दौरा किया और विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम बेरी में जल जीवन मिशन के तहत निर्मित ट्यूबवेल, उच्च जलाशय, स्वच्छ जलाशय एवं पंप हाउस का उद्घाटन किया। इसके अलावा, भोमियां जी मंदिर में 10 लाख रुपये की लागत से बनी इंटरलॉक सड़क, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बेरी बांध में नवनिर्मित कक्षा कक्ष मय बरामदा और ग्राम पुरूषोत्तमपुरा में पुस्तकालय का लोकार्पण किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने विधायक पटेल का नागरिक अभिनंदन किया और उनके विकास कार्यों की सराहना की। पटेल ने कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "सबका साथ-सबका विकास" नारे को लेकर पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे हैं। क्षेत्र में शिक्षा, सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य और खेल सुविधाओं का विकास उनकी प्राथमिकता है, जिससे जनता को बेहतर संसाधन उपलब्ध कराए जा सकें। कार्यक्रम में पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, सरपंच विनोद शोभन, पंसस मंजू गुर्जर, भाजपा नेता धर्मपाल पोषवाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## ब्लड बैंक में युवक को नहीं मिला रक्त, नेता प्रतिपक्ष के हस्तक्षेप के बाद हुआ इंतजाम

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर

सामान्य अस्पताल के ब्लड बैंक में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की पर्ची लेकर पहुंचे एक युवक को रक्त देने से मना कर दिया गया। ब्लड बैंक इंचार्ज ने यह कहते हुए रक्त देने से इंकार कर दिया कि अब कांग्रेस की सरकार नहीं है। काफी आग्रह करने के बाद भी जब युवक को रक्त नहीं मिला, तो उसने नेता प्रतिपक्ष को मैसेज किया। इसके बाद अस्पताल प्रशासन ने हस्तक्षेप कर उसे रक्त उपलब्ध कराया। बीजवाड़ नरूका निवासी सुरेश कोली ने बताया कि उसकी ताई चंपा का मंगलवार शाम नमन होटल के पास सड़क दुर्घटना हो गया था। उन्हें सामान्य अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने रक्त की आवश्यकता बताई। इस पर सुरेश टीकाराम जूली के कार्यालय पहुंचा, जहां से उसे रक्त उपलब्ध कराने के लिए पर्ची मिली। पर्ची लेकर जब वह ब्लड बैंक पहुंचा तो इंचार्ज तरुण यादव ने उसे रक्त देने से मना कर दिया। सुरेश के अनुसार, उसे एबी पॉजिटिव ब्लड की जरूरत थी और ब्लड बैंक के चार्ट पर उस समय 5 यूनिट रक्त उपलब्ध बताया गया था। इसके बावजूद उसे रक्त देने से इनकार कर दिया गया। युवक ने जब इस मामले की जानकारी टीकाराम जूली को दी, तो उन्होंने तुरंत पीएमओ को शिकायत की।

## नीलगायों की प्राण रक्षा के लिए 6 अप्रैल को धरना

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर

नीलगायों की प्राण रक्षा के लिए 6 अप्रैल को सुबह 10 से 12 बजे तक मन्नी का बड़ स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर के पास अहिंसा सर्किल पर धरना दिया जाएगा आंदोलन से जुड़े ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया कि इस धरने में विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों का समर्थन मिल रहा है। पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल, पूर्व निशक्तजन आयुक्त खिल्लीमल जैन, जैनमुनि सुधासागर गौशाला के संरक्षक बच्चूसिंह जैन, आर्य समाज के अध्यक्ष एडवोकेट प्रदीप आर्य, सार्वजनिक गऊशाला कमेटी के अध्यक्ष अजय अग्रवाल सहित कई प्रमुख लोग इस प्रदर्शन में भाग लेंगे। इसके अलावा, ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन, जिला ब्राह्मण सभा, बंधुआ मुक्ति मोर्चा, सद्भाव मंच, श्री आदिनाथ जैन शिक्षण संस्थान, श्री चंद्रप्रभु विकलांग कल्याण समिति, श्रीमुनि सुव्रतनाथ वात्सल्य ट्रस्ट, पल्लीवाल जैन महासभा, वर्धमान श्वेतांबर स्थानकवासी श्रावक संघ और शाकाहारी समिति सहित कई संगठनों ने भी इस धरने का समर्थन किया है। धरने का उद्देश्य नीलगायों के संरक्षण और उनके प्रति हो रही हिंसा को रोकने की मांग करना है। आयोजकों ने प्रशासन से इस मुद्दे पर ठोस कदम उठाने की अपील की है।

## जल्द शुरू होगा पेट्रोल पंप से हनुमान सर्किल तक सड़क निर्माण कार्य

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर

शहर में पुराना दिल्ली रोड पर वन विभाग के कार्यालय के सामने से हनुमान सर्किल तक सड़क निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस सड़क को बनाने का ठेका जिस कंपनी को दिया गया था, उसने काम जल्द शुरू करने का आश्वासन दिया है। इस सड़क पर जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण पहले नाला निर्माण के लिए स्थान चयन किया जाएगा। यदि पानी निकासी की व्यवस्था किए बिना सड़क बनाई गई, तो पानी से नई सड़क को नुकसान पहुंच सकता है और आसपास की कॉलोनियों का पानी भी अवरुद्ध हो सकता है। इसको लेकर यूआईटी से भी चर्चा की जाएगी। कुल 1.01 किलोमीटर लंबाई में शेष सड़क का निर्माण किया जाएगा, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## केंद्रीय कारागृह का निरीक्षण, बंदियों को दी कानूनी सहायता की जानकारी

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव मोहन लाल सोनी ने बुधवार को केंद्रीय कारागृह अलवर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 640 विचाराधीन पुरुष बंदी, 344 सजायाफ्ता पुरुष बंदी और 18 विचाराधीन महिला बंदी उपस्थित मिले। प्राधिकरण सचिव ने जेल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर वहां की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक वार्ड में निरुद्ध बंदियों की संख्या की जांच की और बंदियों से बातचीत कर उन्हें निशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान वार्ड संख्या छह में बंदियों ने शौचालयों की साफ-सफाई की समस्या और असहनीय दुर्गंध की शिकायत की। इस पर प्राधिकरण सचिव ने जेल प्रशासन को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने बंदियों को अपने आचरण में सुधार करने और दोबारा अपराध न करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक शिवेंद्र शर्मा, महेश गोठवाल, मनोज यादव, संतराम, लवीना चौधरी और राजेंद्र सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## अवैध रिफलिंग में उपयोग किए जा रहे 87 गैस सिलेंडर जब्त

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर

घरेलू गैस की अवैध रिफलिंग और व्यावसायिक कार्य में दुरुपयोग को रोकने के लिए रसद विभाग की टीम ने बुधवार को अलवर जिले में विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई की। इस दौरान 85 घरेलू और 2 व्यावसायिक गैस सिलेंडर समेत रिफलिंग मोटर व नली जब्त की गई। मोती डूंगरी स्थित फर्म मैसर्स आर.के. ऑटो पार्ट्स में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग किए जाने की सूचना पर जांच की गई। निरीक्षण के दौरान 85 घरेलू और 2 व्यावसायिक गैस सिलेंडर अवैध रूप से उपयोग होते पाए गए। मौके से गैस रिफलिंग में प्रयुक्त मोटर और नली भी बरामद की गई। जब्त सिलेंडरों को ज्योति गैस सर्विस, अलवर के प्रतिनिधि अनिल सिंह के सुपुर्द किया गया। इस कार्रवाई में प्रवर्तन अधिकारी बनवारी लाल शर्मा, कृष्ण कुमार बॉयला, अशोक कुमार शर्मा और गुलाब सिंह शामिल रहे। प्रशासन ने अवैध गैस रिफलिंग को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रखने के संकेत दिए हैं।

## टहला रेंज में 150 हेक्टेयर जंगल जलकर खाक, तीन दिन बाद भी आग बेकाबू

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर

सरिस्का टाइगर रिजर्व के टहला रेंज में लगी आग तीन दिन बाद भी काबू में नहीं आ सकी है। सोमवार दोपहर उमरी, देवरी और थांई एनीकट के पास पहाड़ी क्षेत्र में लगी इस आग ने 150 हेक्टेयर वन क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया है। वन विभाग की टीमें लगातार आग बुझाने में जुटी हुई हैं, लेकिन दुर्गम क्षेत्र, तेज हवा और गर्मी के चलते आग पर नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। वन विभाग को सोमवार दोपहर 2.30 बजे आग लगने की सूचना मिली थी, जिसके बाद टहला रेंज की टीम को मौके पर भेजा गया। शुरुआती प्रयासों के बावजूद दोपहर में बढ़ते तापमान और तेज हवाओं के कारण आग तेजी से फैल गई। आग की भयावहता को देखते हुए सरिस्का की अन्य रेंजों–अकबरपुर, तालवृक्ष, अलवर बफर और उड़नदस्ता की टीमों को भी मौके पर बुलाया गया। बुधवार सुबह आग पर कुछ हद तक काबू पा लिया गया था, लेकिन शाम होते-होते लपटों ने फिर से रफ्तार पकड़ ली। सरिस्का डीएफओ अभिमन्यु सिंह सहारण के अनुसार, जिस इलाके में आग लगी है, वह अत्यंत दुर्गम है और वहां तक पहुंचने के लिए कोई सुगम रास्ता नहीं है। इसके अलावा, तेज हवाओं के कारण आग को फैलने से रोकना मुश्किल हो रहा है। अब तक की जानकारी के अनुसार, इस आग में कोई वन्यजीव हताहत नहीं हुआ है, लेकिन शुष्क मौसम और गर्म हवाओं के चलते आग का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। वन विभाग की टीम स्थानीय लोगों की मदद से आग बुझाने में जुटी हुई है। अलवर जिले में जंगलों में आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। 5 मार्च को भी जिंदोली घाटी में 100 हेक्टेयर वन क्षेत्र जलकर खाक हो गया था। भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2023 के अनुसार, वर्ष 2023-24 में अलवर के जंगलों में 30 बार आग लग चुकी है। प्रदेश में जंगलों में आग की घटनाओं के मामले में अलवर 13वें स्थान पर है। सबसे अधिक




1438 घटनाओं के साथ उदयपुर पहले स्थान पर है, जबकि प्रतापगढ़ 1057 घटनाओं के साथ दूसरे और डूंगरपुर 314 घटनाओं के साथ तीसरे स्थान पर है। पिछले साल की तुलना में इस वर्ष आग की घटनाओं में भारी वृद्धि देखी गई है। वर्ष 2022-23 में अलवर जिले में केवल 6 आगजनी की घटनाएं दर्ज की गई थीं, जबकि इस साल यह आंकड़ा 30 तक पहुंच चुका है। वन विभाग आग लगने के कारणों की जांच कर रहा है, लेकिन गर्मी और सूखी वनस्पति के चलते जंगलों में आग की घटनाओं में तेजी आई है। यदि जल्द ही इसे नियंत्रित नहीं किया गया, तो इससे सरिस्का के वन्यजीवों और दुर्लभ वनस्पतियों पर गंभीर खतरा मंडरा सकता है।

# अतिक्रमण के खिलाफ नगर परिषद का फिर चला बुलडोजर, कई पक्के निर्माण गिराए

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा धौलपुर**

राजस्थान में इन दिनों बुलडोजर एक्शन बहुत चर्चा में है. इस क्रम में बुधवार को प्रदेश के धौलपुर जिले में शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित करने के लिए नगर परिषद द्वारा फिर से अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरुआत की गई है. जिसके चलते शहर के तोप चौराहे, सन्तर रोड और सब्जी मंडी के आसपास के इलाकों में बुलडोजर मशीन से स्थाई और अस्थाई अतिक्रमण को हटाया गया है.

## अतिक्रमण से बिगड़ रही थी ट्रैफिक व्यवस्था

इस कार्रवाई को लेकर नगर परिषद आयुक्त अशोक शर्मा ने बताया कि शहर के प्रमुख बाजार सड़क मार्गों पर लोगों ने अवैध तरीके से अतिक्रमण कर लिया था. नाले और नालियों पर भी पक्के निर्माण कर लिए थे. दुकान और प्रतिष्ठानों के सामने तीन शेड और बरामादे भी लोगों ने बनाए है. जिसमें दुकान और शोरूमों के आगे अवैध कब्जा करने की वजह से शहर




की ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ रही थी. वहीं आवागमन में लोगों को असुविधा हो रही थी. शहर के मुख्य बाजारों में दोनों तरफ दुकानों के सामने अतिक्रमण होने के कारण जाम के हालात बन रहे हैं. लोगों ने परेशान होकर इसकी शिकायत जिला प्रशासन को कर दी. इसके बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देश में नगर परिषद द्वारा पुलिस के सहयोग से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है.

## कार्रवाई से पहले सभी लोगों को दिया नोटिस

आयुक्त ने आगे बताया कि बुधवार को शहर के प्रमुख बाजारों में बुलडोजर मशीन के सहयोग से कच्चे और पक्के अतिक्रमण को ध्वस्त किया जा रहा है. इस अभियान में शहर को अतिक्रमण से पूरी तरह से मुक्त किया जाएगा. आयुक्त ने बताया अतिक्रमण हटाने से पूर्व अतिक्रमण के स्थानों को चिन्हित कर लोगों को नोटिस भी जारी किए थे. लेकिन नोटिस के तहत लोगों ने अतिक्रमण को नहीं हटाया. इस लिए कार्रवाई की जा रही है.

## 100 ग्राम अफीम बरामद, युवक गिरफ्तार, श्रीविजयनगर पुलिस की कार्रवाई



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा श्रीगंगानगर**

श्रीगंगानगर में नशा मुक्ति अभियान के तहत पुलिस ने कार्रवाई की है। श्रीविजयनगर पुलिस ने एक युवक से 100 ग्राम अवैध अफीम बरामद की है। डीआईजी सह एसपी गौरव यादव ने बताया कि जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए ऑपरेशन सीमा संकल्प चलाया जा रहा है। इस अभियान में मेडिकेटेड नशा और मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए विशेष अभियान चल रहा है। श्रीविजयनगर थाना प्रभारी गोविंदराम ने अपनी टीम के साथ कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ा। आरोपी की पहचान शिवपुरी निवासी खेमचंद उर्फ ख्याली (22) के रूप में हुई है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/18 के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच मुकलावा थाना प्रभारी संपतराम को सौंपी गई है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गोविंद राम के अलावा कॉन्स्टेबल संदीप कुमार, रोहिताश और पूनम कुमार की टीम शामिल थी। पूनम कुमार की इस कार्रवाई में विशेष भूमिका रही।

## धान मंडी में व्यापारी से मारपीट के 3 आरोपी गिरफ्तार



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा हनुमानगढ़**

हनुमानगढ़ टाउन धानमंडी में सरसों का बिल काटने को लेकर हुए विवाद में दुकान में घुसकर व्यापारी से मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। घटना 31 मार्च 2025 को सामने आई। व्यापारी रविंद्रपाल सिंगला ने पुलिस को बताया कि उनकी धान मंडी में आढ़त की दुकान है। सुबह के समय पारस खदरिया और अन्य लोगों ने दुकान में घुसकर उनके साथ मारपीट की। पुलिस अधीक्षक अरशद अली ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। थानाधिकारी सुभाष चंद्र कच्छावा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी और मानवीय जानकारी के आधार पर भद्रकाली रोड स्थित गणपति फैक्ट्री से तीन आरोपियों को पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों में सुखविंदर सिंह उर्फ सुखा (40), अनमोल कुमार (30) और रामस्नेही उर्फ रामराय (28) शामिल हैं। पुलिस ने मामला भारतीय न्याय संहिता की धारा 333, 126(2), 115(2), 351(2) और 189(2) के तहत दर्ज किया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई मोहर सिंह के नेतृत्व में कॉन्स्टेबल महंगा सिंह, महेंद्र सिंह, नायब सिंह और हेड कॉन्स्टेबल कुलदीप शामिल रहे। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। गौरतलब है कि इस हमले में विनय सिंगला के सिर में चोट आने पर जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। वहीं, रविंद्र सिंगला सहित अन्य लोग भी चोटिल हो गए थे। पुलिस ने इस संबंध में फैक्ट्री मालिक पारस खदरिया, बाबूलाल लखारा, ओमप्रकाश खदरिया, पवन खदरिया सहित 15-20 अन्यों के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस अब फैक्ट्री मालिक सहित नामजद आरोपियों के बारे में पूछताछ कर रही है।

## नाडोल में पार्किंग में खड़ी वैन जल कर हुई कबाड़, ड्राइवर झुलसा

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा पाली**

पाली में पार्किंग में खड़ी एक गैस किट वैन में अचानक आग लग गई। हादसे में ड्राइवर झुलस गया। जैसे उपचार के लिए हॉस्पिटल भर्ती करवाया गया। इस हादसे में पूरी वैन जल कर कबाड़ बन गई। पाली जिले के नाडोल चौकी प्रभारी जाकिर अली ने बताया कि बीकानेर जिले का रहने वाला एक परिवार नाडोल माता मंदिर दर्शन करने वैन लेकर आए थे। सभी लोग मंदिर में दर्शन करने गए इस दौरान वैन में बीकानेर जिले के लूणकरणसर



जैतपुर निवासी ड्राइवर 40 वर्षीय जब्बार खान पुत्र खुशी खान बैठा था। इस दौरान वैन के गैस किट में अचानक आग लग गई। ड्राइवर जब्बार ने कूद कर अपनी जान बचाई। इस हादसे में वह भी झुलस गया। जिसे उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां उसका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार ड्राइवर ने जहां गाड़ी खड़ी की थी उसके आस पास कोई ओर गाड़ी खड़ी नहीं थी वरना वे गाड़िया भी चपेट में आ जाती। घटना के वक्त सवारियां मंदिर में दर्शन करने गई थी। वरना बड़ा हादसा हो जाता। इस हादसे में वैन पूरी तरह जल गई। मंदिर में रखे आग बुझाने के यंत्र से आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया और गाड़ी पूरी तरह जल गई।

## सिम वेरिफिकेशन के नाम पर हुई 49 हजार की ठगी, पुलिस ने पीड़ित को लौटाई पूरी रकम

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा हनुमानगढ़**

हनुमानगढ़ जिले के टिब्बी में एक साइबर फ्रॉड मामले में पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पीड़ित को राहत दिलाई है। वार्ड नंबर 14 के रहने वाले बृजलाल (70) को सिम वेरिफिकेशन के नाम पर 49 हजार रुपए की ठगी का शिकार होना पड़ा था। घटना 4 जून 2021 की है। बृजलाल को एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। उसने सिम वेरिफिकेशन का बहाना बनाकर उनसे 49 हजार रुपए ठग लिए। पीड़ित की शिकायत पर थानाधिकारी हंसराज लुना के निर्देशन में साइबर पोर्टल पर तैनात कॉन्स्टेबल राजेंद्र कुमार और राम सिंह ने कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए ट्रेस किया। पूरी रकम को होल्ड करवाया गया। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट टिब्बी के आदेश पर राशि को पीड़ित के खाते में रिफंड करा दिया गया। पुलिस अधीक्षक अरशद अली ने लोगों को साइबर फ्रॉड से बचने की सलाह दी है। साइबर अपराध का शिकार होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर या फिर नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाएं।

## आसाराम को नहीं मिली राहत, जेल-अस्पताल में ही रहेगा, हाईकोर्ट में 30 मिनट चली बहस

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा जोधपुर**

नाबालिग से रेप मामले में सजायाफ्ता आसाराम को राजस्थान हाईकोर्ट से फिलहाल राहत नहीं मिली है। बुधवार को उसकी अर्जी पर सुनवाई हुई। करीब आधे घंटे तक बहस चली, जिसमें सरकारी अधिवक्ता ने आसाराम को अंतरिम जमानत देने का विरोध करते हुए कहा कि उसने सुप्रीम कोर्ट की प्रवचन नहीं करने की शर्त का उल्लंघन किया है। अब इस मामले में 7 अप्रैल को सुनवाई होगी। वहीं, आसाराम के वकील ने कहा कि किसी भी शर्त का कोई उल्लंघन नहीं किया गया है। इससे पहले कोर्ट ने आसाराम को पूर्व में दी गई अंतरिम जमानत के दौरान लिए गए ट्रीटमेंट से जुड़ी पूरी जानकारी भी ली और भविष्य में इसकी जरूरत के बारे में भी पूछा। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने आसाराम की ओर से शर्तों के उल्लंघन को लेकर जवाबी शपथ पत्र पेश करने को कहा है। अंतरिम जमानत अवधि खत्म होने के बाद मंगलवार (1 अप्रैल) दोपहर डेढ़ बजे आसाराम ने जोधपुर सेंट्रल जेल में सरेंडर किया था। यहां करीब 10 घंटे रुकने के बाद रात 11.30 बजे पाली रोड स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल



(आरोग्यम) में शिफ्ट किया गया। हॉस्पिटल में आसाराम को एडमिट क्यों कराया गया है इसकी आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। इससे पहले आसाराम को गुजरात हाईकोर्ट से 3 महीने की अंतरिम जमानत मिल गई। इसी आधार पर मंगलवार को राजस्थान हाईकोर्ट खुलने पर आसाराम के वकील निशांत बोड़ा ने पूर्व में दायर आवेदन पर अर्जेंट सुनवाई का आग्रह किया था। कोर्ट ने इस मामले में आज सुनवाई की। आसाराम को जेल में ही रहना होगा। भले ही उसे गुजरात केस में अंतरिम जमानत क्यों न मिली हो। जब तक दोनों ही मामलों में उसे राहत नहीं मिलती है, तब तक वह जेल से बाहर नहीं आ सकेगा।

## युवक पर कुल्हाड़ी से हमला मामला, पिता-पुत्र ने कमरे में बंद कर पीटा



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा हनुमानगढ़**

हनुमानगढ़ के खुईया थाना क्षेत्र में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी रतिराम स्वामी (63) और उनके बेटे बजरंग (25) ने बिरमाराम नाम के व्यक्ति पर जानलेवा हमला किया था। घटना 27 मार्च 2025 की है। खुईया पुलिस को फोन पर सूचना मिली कि रोही पांडुसर में रतिराम स्वामी की ढाणी में झगड़ा हो रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि आरोपियों ने बिरमाराम को गंभीर रूप से पीटकर एक कमरे में बंद कर दिया था। घायल बिरमाराम को तुरंत नोहर अस्पताल भेजा गया। पुलिस अधीक्षक मन अरशद अली के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया। खुईया थानाधिकारी जगदीश प्रसाद के नेतृत्व में टीम ने तकनीकी और मानवीय जानकारी के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी वर्तमान में हरियाणा के सिरसा जिले के ऐलनाबाद में रहते हैं। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल की गई कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली है। मामले की जांच जारी है। पुलिस टीम में खुईया थानाधिकारी जगदीश पांडर के अलावा कृष्ण कुमार, मांगीलाल, नेमीचंद, बजरंगलाल और प्रेमसिंह शामिल थे।

## जंगल में पेड़ पर लटकी मिली लाश, 2 दिन पहले घर से निकला था युवक

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा चित्तौड़गढ़**

चित्तौड़गढ़ के एराल गांव के पास जंगल में एक पेड़ की डाल पर फंदे से एक युवक का शव लटकता हुआ मिला। इससे आसपास सनसनी फैल गई। शव पूरी तरह सड़ गया था। यह शव दो दिन पुराना बताया गया है। युवक की पहचान एराल निवासी के रूप में हुई। सूचना मिलते ही मौके पर थानाधिकारी भवानी सिंह मय जाप्ता पहुंचे। पुलिस ने शव को जिला हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां एक और पुलिस इसे प्रारंभिक रूप से सुसाइड बता रही है। वहीं, दूसरी ओर परिजन हत्या की आशंका जता रहे है। परिजनों ने पुलिस से जांच की मांग की है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। अर्जुन सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि एराल के जंगल में एक पेड़ की डाल पर फंदे से एक व्यक्ति की लाश लटक रही है। मौके पर पहुंचने के बाद शव को नीचे उतारा गया। शव दो दिन पुरानी होने के कारण सड़ गई थी। शव को जिला हॉस्पिटल पहुंचाया गया। जहां पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। मृतक की पहचान एराल निवासी सुरेश भील (45) के रूप में हुई। मृतक सुरेश अपने बेटे के साथ चित्तौड़गढ़ सब्जीमंडी में एक दुकान पर मजदूरी का काम करता था। सुरेश सोमवार सुबह 9 बजे एराल गांव से मजदूरी पर जाने की बात कहकर घर से निकला था। इसके बाद से ही घर नहीं लौटा। परिजन लगातार उसकी तलाश में जुटे थे। बुधवार सुबह ग्रामीणों ने गांव से एक किलोमीटर दूर हाईवे किनारे जंगल में सुरेश का शव देख परिजनों और पुलिस को सूचना दी। मृतक के परिजनों का कहना है कि कुछ दिन पहले सुरेश का गांव के कुछ लोगों से झगड़ा हुआ था। जिसके बाद सुरेश को देख लेने की धमकी मिली थी। परिजनों का कहना है कि मृतक सुरेश के हाथ में फ्रैक्चर है। हत्या के बाद उसका शव पतली नाइलोन की रस्सी की सहायता से पेड़ से लटकाया गया है।

## महिला का गला रेतकर हुए ब्लाइंड मर्डर का खुलासा, अमरूदों के बगीचों के ठेकेदार आरोपी युवक को यूपी से किया गिरफ्तार

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा सवाई माधोपुर**

सवाई माधोपुर की सूरवाल थाना पुलिस ने 13 मार्च को होली के दिन हुए महिला के ब्लाइंड मर्डर का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मामले में अमरूदों के बगीचों के ठेकेदार आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुजुर्ग महिला की गला रेतकर हत्या करने में मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आसिफ (18) पुत्र इकबाल निवासी कश्यपपुरी गढ़ी पुख्ता जिला शामली उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। ममता गुप्ता ने बताया कि 13 मार्च को होली के दिन जटवाड़ा गांव में दिन?दहाड़े घास काट रही बुजुर्ग महिला को अज्ञात व्यक्ति ने धारदार हथियार से गले? पर जख्म देकर घायल कर दिया था। परिवार वालों ने महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से महिला की हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने जयपुर रेफर कर दिया। जयपुर ले जाते समय रास्ते में ही महिला ने दम तोड़ दिया। मामले में रिपोर्ट दर्ज होने? के बाद पुलिस ने मौके पर FSL टीम को बुलाया और एविडेंस जुटाए। थाना, सर्किल और जिला स्तर पर आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए टीमें गठित की गई। इलाके में संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई। साइबर सेल से तकनीकी सहायता ली गई। जांच के दौरान पुलिस को अमरूदों के बगीचों का ठेका लेने वाले आसिफ के वारदात के दौरान मौके पर होने के इनपुट मिले।



वहीं आरोपी वारदात के समय से यहां से फरार था। जिसे पकड़ने के लिए रामकुमार कस्वां और सिटी उदय सिंह मीणा के सुपरविजन में एक टीम का गठन किया गया। गुप्ता ने बताया कि इनपुट मिलने पर मलारना डूंगर थानाधिकारी जितेंद्र सिंह, सूरवाल थानाधिकारी जयप्रकाश, हेड कॉन्स्टेबल देशराज सिंह, कॉन्स्टेबल महेंद्र सिंह, हनुमानाराम, भवानी शंकर, संतोष, लक्ष्मण सिंह की टीम को कश्यपपुरी, शामली (उत्तर प्रदेश) भेजा गया। जहां से आरोपी आसिफ को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी आसिफ 13 मार्च की दोपहर को खेत में पहुंचा। जहां उसने? महिला से बातचीत की और बीड़ी पीने लगा। इसके बाद महिला के गले में पहनी सोने की चेन काटने के लिए धारदार चाकू से उसने महिला पर हमला कर दिया। इसी दौरान चाकू से गला कट गया और हमलाकर चेन लूटकर फरार हो गया। पीड़ित महिला खून से लहूलुहान हो गई। इसके बावजूद वो आरोपी के पीछे भी दौड़ी, लेकिन खून ज्यादा बहने से बेहोश हो गई। जिसकी बाद में मौत हो गई। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने सोने की चेन शामली (उत्तर प्रदेश) में एक सुनार को बेची थी।

## बाड़मेर के रेलवे अधिकारी को हनीट्रैप में फंसाया, फिर बंधक बनाकर रिकॉर्ड किए आपत्तिजनक वीडियो

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा बाड़मेर**

राजस्थान के बाड़मेर जिले से एक रेलवे अधिकारी को हनीट्रैप में फंसाकर बंधक बनाने और मारपीट करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है. घटना को लेकर पीड़ित रेलवे अधिकारी ने सदर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है. अपनी रिपोर्ट में पीड़ित ने आरोप लगाया है कि वह बाड़मेर रेलवे स्टेशन पर चीफ रिजर्वेशन सुपरवाइजर पद पर तैनात है. दो महीने पहले टिकट रिजर्वेशन की पूछताछ के दौरान उसका एक लड़की से संपर्क हुआ था. इसके बाद लगातार युवती उसके संपर्क में रही. हर दूसरे-तीसरे दिन दोनों की फोन पर बातचीत होने लगी. इसी दौरान युवती ने अपनी सहेली का नंबर रेलवे अधिकारी को दिया और उनसे कहा कि ये आपसे बात करना चाहती है. वो अगर नंबर का पूछे तो कह देना कि मैंने दिया है. आरोपी युवती के कहे अनुसार, पीड़ित ने उसकी सहेली को फोन लगाया तो सहेली उसे शहर के सदर थाना क्षेत्र के चामुंडा चौराहा के पास मिलने बुलाने लगी.




जब वह मिलने पहुंचा तो उसने अपनी स्कूटी से उसे पिकअप किया और उसे किराए के मकान में लेकर गई. इस दौरान युवती के पास बार बार किसी के फोन आ रहे थे. मकान में पहुंचे तो वहां पहले से दो युवकों के साथ उसकी दोस्त मौजूद थी. फिर चारों ने मिलकर पीड़ित को कमरे में बंद कर दिया. उसके सारे कपड़े भी उतरवा लिए. उसके साथ मारपीट भी की गई. युवती के साथ जबरन आपत्तिजनक वीडियो और फोटो क्लिक किए गए. इसके बाद चारों ने उसके धमकी दी कि 10 लाख रुपये दो, नहीं तो जान से मार देंगे या ये आपत्तिजनक वीडियो/फोटो वायरल करेंगे. इस पर उसने कहा कि मेरी पोस्टिंग बाड़मेर में हालिया दिनों में हुई है. परिवार यहां नहीं रहता. बाड़मेर में वो किसी को नहीं जानता, जिसके बाद आरोपियों ने उसे हाईवे पर छोड़ दिया और उसकी पत्नी को फोटो भेज दिए. वहां से वो थाने पहुंचा और घटना को लेकर रिपोर्ट दर्ज कराई. बाड़मेर सिटी डीएसपी रमेश कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित ने मंगलवार देर शाम को सदर थाने में पेश होकर दो युवतियां और दो युवकों पर हनीट्रैप में फंसा कर बंधक बनाकर आपत्तिजनक वीडियो फोटो बनाने, उन्हें वायरल करने और जान से मारने की धमकी देकर फिरौती मांगने शिकायत दी गई थी. इस पर पुलिस थाना सदर में मामला दर्ज कर दो आरोपी युवतियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है. साथ ही बाकी आरोपियों को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं.



# द भूतनी में दिखाई देंगे सनी सिंह

अपनी आगामी फिल्म भूतनी के ट्रेलर लॉन्च पर अभिनेता सनी सिंह ने कहा कि वह हमेशा से हॉरर कॉमेडी करना चाहते थे। नी सिंह, मौनी रॉय, पलक तिवारी, संजय दत्त, निक और आसिफ खान 'द भूतनी' में नजर आएंगे। फिल्म का ट्रेलर फैंस को पसंद आ रहा है। कॉमेडी और हॉरर का मिक्सअप इस फिल्म में देखने को मिलेगा। ल्म के बारे में अपनी उत्सुकता साझा करते हुए सनी ने कहा, मैं हमेशा से हॉरर कॉमेडी करना चाहता था। जब मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी और सिद्धांत सचदेव से मिला, तो मुझे पूरा कॉन्सेप्ट पसंद आया। संजू सर के साथ, मुझे पता था कि यह एक अविस्मरणीय अनुभव होगा। द्धांत सचदेव द्वारा निर्देशित और दीपक मुकुट और संजय दत्त द्वारा बनाई गई यह हॉरर-कॉमेडी एक भरपूर मनोरंजन करने का वादा करती है। नी ने कहा कि लोगों को फिल्म का पोस्टर बहुत पसंद आया है और मुझे भी। हर हॉरर कॉमेडी अनोखी होती है, लेकिन यह कॉन्सेप्ट पहले देखी गई किसी भी चीज से अलग है। इसे खूबसूरती से शूट किया गया है, और मेरे दोस्त पहले से ही उत्साहित हैं। दर्शकों ने पहले भी मेरी फिल्मों में मुझे पसंद किया है, और मुझे लगता है कि इस बार भी वे मुझे उतना ही प्यार देंगे।

यह फिल्म 18 अप्रैल को रिलीज होगी।

सनी ने 2007 में धारावाहिक कसौटी जिंदगी की टेलीविजन पर अपनी शुरुआत की, जिसमें उन्होंने कृतिका सेंगर द्वारा निभाए गए किरदार के प्रेमी की भूमिका निभाई। इसके बाद, उन्होंने 2009 के धारावाहिक शकुंतला में करण की भूमिका निभाई। सनी ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत 2010 में पाठशाला से की थी, जिसमें उन्होंने शाहिद कपूर के साथ काम किया था। 2011 में उन्होंने मधुर भंडारकर की कॉमेडी फिल्म दिल तो बच्चा है जी में काम किया, जिसमें उन्होंने एक छोटी सी भूमिका निभाई थी। उनकी पहली प्रमुख भूमिका रोमांटिक ड्रामा आकाश वाणी में थी। न्होंने प्यार का पंचनामा 2 में कार्तिक आर्यन के साथ काम किया। 2011 में फिल्म प्यार का पंचनामा रिलीज हुई थी। जिसमें कार्तिक, नुसरत, ओमकार कपूर, इशिता राज शर्मा और सोनाली सह-कलाकार थे। ख्य अभिनेता के रूप में उनकी पहली रिलीज उजड़ा चमन थी, जो गंजेपन की अवधारणा पर आधारित थी। 2023 में उन्होंने रामायण पर आधारित फिल्म आदि पुरुष में लक्ष्मण की भूमिका निभाई।



# सावित्रीबाई फुले का किरदार पर्दे पर निभाना बड़ी जिम्मेदारी थी

अभिनेत्री पत्रलेखा की अपकमिंग बायोपिक 'फुले' का ट्रेलर हाल ही में लॉन्च हुआ। फिल्म में अभिनेत्री सावित्रीबाई फुले की भूमिका में हैं। अभिनेत्री ने बताया कि पर्दे पर सावित्रीबाई फुले का किरदार निभाना, उनके लिए एक बड़ी जिम्मेदारी थी और उनका यह सफर भावनाओं से भरा रहा। इसे एक परिवर्तनकारी और बेहद प्रेरणादायक अनुभव बताते हुए, पत्रलेखा ने कहा कि समाज सुधारक की भूमिका निभाना उनके लिए बहुत बड़ी जिम्मेदारी थी, उन्होंने उनके संघर्ष, ताकत और विरासत को पर्दे पर दिखाने का प्रयास किया।

उन्होंने बताया, जब मुझे इस भूमिका के लिए संपर्क किया गया, मेरे विचार स्पष्ट थे। जब मैंने पहली बार अनंत सर से बात की, तो उन्होंने मुझे स्क्रिप्ट भेजी, जो काफी बड़ी थी। मुझे याद है कि मैंने उन्हें फोन करके कहा था, सर, यह स्क्रिप्ट बहुत बड़ी है। मेरे पास पढ़ने के लिए बहुत कुछ है, लेकिन उन्होंने मुझे आश्वस्त करते हुए कहा कि यह सिर्फ पहला ड्राफ्ट है और वे इसे और बेहतर बनाएंगे। डेढ़ साल बाद, मुझे अंतिम स्क्रिप्ट मिली और यह खूबसूरती से लिखी गई थी। मैं मना नहीं कर सकी। मुझे बस इतना पता था कि मुझे इसका हिस्सा बनना है। पत्रलेखा ने सावित्रीबाई फुले के रूप में चुने जाने पर अपनी शुरुआती प्रतिक्रिया के बारे में भी बताया, उन्होंने स्वीकार किया कि वह इतनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए उत्साहित और चिंतित दोनों थीं। अभिनेत्री ने बताया, ईमानदारी से कहूं तो मैं तुरंत ही इस किरदार की ओर आकर्षित हो गई। यह सिर्फ एक ऐतिहासिक शख्सियत का किरदार निभाने के बारे में नहीं था, यह साहस की कहानी के बारे में था। जब अनंत सर और मैंने पहली बार बात की, तो मैं ऐसे महत्वपूर्ण व्यक्ति का किरदार निभाने को लेकर चिंतित थी, लेकिन उन्होंने मेरी मदद की। उन्होंने कहा, अपनी चिंताओं को छोड़ो और बस करो। उस आश्वासन ने मुझे बहुत आत्मविश्वास दिया। बेशक यह चुनौतीपूर्ण था, लेकिन एक बार जब मैं सेट पर गई, तो घबराहट गायब हो गई।

फिल्म में सावित्रीबाई का किरदार निभाना उनके लिए कितना चुनौतीपूर्ण था, इस बारे में अभिनेत्री ने कहा, मैं पहले तो काफी चिंतित थी, लेकिन अनंत सर ने मेरी मदद की। उन्होंने मुझे चीजों को समझने और अपना आत्मविश्वास पाने का मौका दिया। इस तरह के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक किरदार को निभाना कोई आसान काम नहीं है। टीम के सहयोग से मुझे किरदार में पूरी तरह से ढलने का आत्मविश्वास मिला। अनंत महादेवन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में ज्योतिराव फुले की भूमिका में प्रतीक गांधी हैं। यह महात्मा फुले की 197वीं जयंती के मौके पर 11 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# कजिन जान्हवी-खुशी को कड़ी टक्कर देंगी शनाया, हाथ लगी बड़ी फिल्म

शनाया कपूर अपनी पहली फिल्म की रिलीज से पहले ही कई बड़े प्रोजेक्ट्स से जुड़ चुकी हैं। इस लिस्ट मे करण जौहर की रोमांटिक ड्रामा फिल्म के अलावा मुंजा स्टार अभय वर्मा के साथ भी एक फिल्म शामिल है। एक खबर के मुताबिक शनाया कपूर स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3 में नजर आएंगी। इस फिल्म में शनाया एक नहीं बल्कि डबल रोल निभाती नजर आएंगी। करण के इस बड़े प्रोजेक्ट के अलावा शनाया मुंजा स्टार अभय वर्मा के साथ भी एक फिल्म में नजर आएंगी।

### शनाया का वर्कफ्रंट

इन फिल्मों से पहले शनाया की फिल्म तू या मैं का टीजर रिलीज हो चुका है, जिसमें वह आदर्श गौरव के साथ नजर आईं। यह एक रोमांचक थ्रिलर फिल्म है, जिसे आनंद एल. राय ने सपोर्ट किया है। प्रशंसकों को यह टीजर बहुत पसंद आया और वह लगातार शनाया की तारीफ कर रहे हैं। इसके अलावा शनाया विक्रांत मैसी के साथ फिल्म आंखों की गुस्ताखियां में भी आएंगी।

### शनाया की तारीफ कर रहे हैं फैंस

सोशल मीडिया पर शनाया के फैंस उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। कुछ फैंस का मानना है कि वह सबसे अलग और स्मार्ट तरीके से काम कर रही हैं। तो वहीं कुछ फैंस का कहना है कि वह अपनी कजिन सिस्टर जान्हवी और खुशी से भी आगे निकल सकती हैं।

### फिल्मी बैकग्राउंड से हैं शनाया कपूर

शनाया कपूर बॉलीवुड अभिनेता संजय कपूर की बेटी और महीप कपूर की बेटी हैं। संजय कपूर कई बॉलीवुड फिल्मों में बतौर हीरो अपनी छाप छोड़ चुके हैं। वहीं महीप को आपने सिंगर इला अरुण के प्रसिद्ध गाने निगोड़ी कैसी जवानी है में देखा होगा। महीप का करियर कुछ खास नही रहा, लेकिन अब उनकी बेटी शनाया कई फिल्मों में नजर आने वाली हैं।


# तारक मेहता का उल्टा चश्मा से पूरी तरह कटा दिशा वकानी का पत्ता

दिशा वकानी कई फिल्मों और टीवी शो का हिस्सा रही हैं, लेकिन उनका सबसे मशहूर किरदार तारक मेहता का उल्टा चश्मा की दया बेन का रहा है। उन्होंने 2017 में शो छोड़ दिया था। इसके बाद कई बार उनकी वापसी की खबरें आईं, लेकिन हर बार वह महज अफवाह साबित हुईं। अब शो में दया बेन की वापसी की खबरें फिर सामने आई हैं, लेकिन दिशा वकानी के रूप में नहीं, बल्कि नए कलाकार की कास्टिंग की खबरें सामने आई हैं। अब कथित तौर पर निर्माताओं ने दिशा का रिप्लेसमेंट ढूंढ लिया है। इससे पहले शो के निर्माता असित मोदी ने पुष्टि की थी कि दिशा शो में वापस नहीं आएंगी, जिसका मतलब था कि निर्माताओं को उनका रिप्लेसमेंट ढूंढना होगा। अब न्यूज 18 की रिपोर्ट के अनुसार, शो के निर्माता असित मोदी दया बेन की भूमिका के लिए ऑडिशन ले रहे थे और आखिरकार उन्होंने किसी को शॉर्टलिस्ट कर लिया है। एक सूत्र ने बताया है कि हां, यह सही है। असित नई दया बेन की तलाश में थे और हाल ही में एक ऑडिशन ने उन्हें काफी प्रभावित किया। अभिनेत्री के साथ मॉक शूट चल रहे हैं। वह हमारे साथ शूटिंग करते हुए यहां करीब एक सप्ताह से हैं।

दिशा की शादी नवंबर 2015 में हुई थी और 2017 में वह गर्भवती हो गईं। वह मातृत्व अवकाश पर चली गईं और फिर कभी शो में वापस नहीं आईं। बीच में चर्चा थी कि वह वापसी कर सकती हैं, लेकिन 2022 में उन्हें अपने दूसरे बच्चे का आशीर्वाद मिला। अभिनेत्री ने कथित तौर पर अभिनय छोड़ने का फैसला किया है।



# ज्वेल थीफ में जयदीप और सिद्धार्थ के साथ काम करना रहा शानदार



सैफ अली खान की अपकमिंग थ्रिलर 'ज्वेल थीफ' नेटफ्लिक्स पर रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म में अभिनेता जयदीप अहलावत और निर्माता-निर्देशक सिद्धार्थ आनंद के साथ काम करने को लेकर उत्साहित नजर आए। सैफ ने बताया कि उनके साथ काम करने का उनका अनुभव शानदार रहा। फिल्म में सैफ एक ठग की भूमिका में हैं। उन्होंने बताया कि निर्माता सिद्धार्थ आनंद के पास कहानी को पेश करने का खास तरीका है और इसी वजह से वह काफी उत्साहित हैं। सैफ ने बताया, सिद्धार्थ आनंद के साथ फिर से काम करना उत्साह और खुशियां देता है - वह एक्शन, स्टाइल और कहानी को एक ऐसे तरीके से ब्लेंड करना जानते हैं और ये खास होता है। ज्वेल थीफ के साथ हमने एकदम अलग और शानदार काम किया है, जिसे करने में बहुत मजा भी आया। सैफ ने कहा कि जयदीप ने प्रोजेक्ट में रोमांच को और बढ़ा दिया। अभिनेता जयदीप अहलावत के साथ स्क्रीन शेयर करने के उत्साह को जाहिर करते हुए सैफ ने कहा, जयदीप ने अनुभव को और भी रोमांचक बना दिया। मैं नेटफ्लिक्स पर इस फिल्म की रिलीज को लेकर उत्साहित हूं। फिल्म में माफिया की भूमिका निभा रहे जयदीप ने कहा, यह एक ऐसी फिल्म है जो दिलचस्प, चुनौतीपूर्ण और रोमांचक है। यह एक नए यूनिवर्स में जाने का अनुभव है, जिसमें ऐसे लोग हैं जो सर्वश्रेष्ठ देने के लिए उतने ही उत्साहित हैं, जितने आप।





# 25 साल बाद सलमान संग काम करने पर बोले संजय

बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त ने शनिवार, 29 मार्च को सलमान खान के साथ एक नई एक्शन फिल्म पर काम करने की पुष्टि की। हाल ही में सलमान ने एक प्रेस मीट में खुलासा किया कि वह संजय के साथ एक बड़ी देहाती एक्शन फिल्म में काम करेंगे। अभिनेताओं ने रोमांटिक म्यूजिकल साजन और कॉमेडी फिल्म चल मेरे भाई में साथ काम किया था।

### संजय ने की सिकंदर की तारीफ

संजय दत्त शनिवार को मुंबई में अपनी आने वाली हॉरर-कॉमेडी फिल्म द भूतनी के ट्रेलर लॉन्च में शामिल हुए। इस मौके पर बात करते हुए अभिनेता ने सलमान खान की फिल्म सिकंदर के ट्रेलर की तारीफ की, जो 30 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। संजय ने कहा, ट्रेलर सुपरहिट है। सलमान मेरा छोटा भाई है। मैं हमेशा उसके लिए प्रार्थना करता हूं। भगवान ने उसे बहुत कुछ दिया है। सिकंदर एक सुपरहिट फिल्म होगी। सलमान के साथ 25 साल बाद फिर से काम करने के बारे में उन्होंने कहा, हां, हम साथ काम कर रहे हैं। साजन और चल मेरे भाई के बाद आप हमारा टशन देखेंगे। यह एक एक्शन फिल्म है। मैं बहुत खुश हूं कि मैं 25 साल बाद अपने छोटे भाई के साथ काम कर रहा हूं। इससे पहले सलमान ने मुंबई प्रेस से बात करते हुए फिल्म के बारे में कहा था, सिकंदर के बाद मैं एक और बड़ी फिल्म कर रहा हूं, जिसमें अगले स्तर का एक्शन होगा। मेरा मतलब है देहाती एक्शन। मैं इसे इंडस्ट्री में अपने बड़े भाई संजय दत्त के साथ कर रहा हूं।

### द भूतनी की कहानी

पहले खबर आई थी कि सलमान और संजय दत्त मध्य पूर्व में फिल्माई गई एक अमेरिकी थ्रिलर में नजर आएंगे। वहीं, बात करें द भूतनी की तो यह एक हॉरर-कॉमेडी है, जो एक भूतिया पेड़ के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म में संजय दत्त एक भूत-शिकारी की भूमिका निभा रहे हैं, जबकि मौनी रॉय फिल्म में भूतनी का किरदार निभा रही हैं। यह फिल्म 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# धोखाधड़ी के आरोपों पर श्रेयस तलपदे ने तोड़ी चुप्पी

अभिनेता श्रेयस तलपदे गुरुवार को उस समय मुश्किल में पड़ गए जब उन पर उत्तर प्रदेश में करोड़ों रुपये के चिटफंड घोटाले में शामिल होने का आरोप लगा, लेकिन शुक्रवार को उनकी टीम ने आधिकारिक बयान जारी कर इन खबरों को खारिज कर दिया और कहा कि उनका इस धोखाधड़ी से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि ये खबरें निराधार और बेसलेस हैं। बयान जारी करते हुए अभिनेता की टीम ने कहा, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज की दुनिया में एक व्यक्ति की कड़ी मेहनत से अर्जित प्रतिष्ठा निराधार अफवाहों के कारण अनुचित रूप से धूमिल होने की चपेट में आती है। श्रेयस तलपदे पर धोखाधड़ी में शामिल होने का आरोप लगाने वाली हालिया रिपोर्टें पूरी तरह से झूठी और किसी भी तरह से निराधार हैं।

### धोखाधड़ी में शामिल नहीं हैं अभिनेता

बयान में आगे कहा गया है, एक पब्लिक फिगर के रूप में श्रेयस को कई अन्य मशहूर हस्तियों की तरह अक्सर विभिन्न कॉर्पोरेट और वार्षिक कार्यक्रमों में आमंत्रित किया जाता है, जहां वे यथासंभव भाग लेते हैं। कहने की आवश्यकता नहीं है कि तलपदे का किसी भी धोखाधड़ी या गैरकानूनी कार्य से कोई संबंध नहीं है, जैसा कि आरोप लगाया जा रहा है और प्रसारित किया जा रहा है।



# गाजा पट्टी पर कब्जा करेगा इजरायल! फिलिस्तीनियों को घर खाली करने का आदेश, आईडीएफ ने उतारे टैंक

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा तेल अवीव



इजरायल के रक्षा मंत्री इजराइल कैट्ज ने बुधवार को गाजा में सैन्य अभियान के बड़े विस्तार की घोषणा की। इस अभियान के दौरान गाजा के एक बड़े हिस्से पर कब्जा करने की योजना है, ताकि उन्हें इजरायल के सुरक्षा क्षेत्रों में शामिल किया जा सके। बयान में, कैट्ज ने कहा कि अभियान में "युद्ध क्षेत्रों से गाजा की आबादी को बड़े पैमाने पर निकालना" भी शामिल होगा। हालांकि उन्होंने ज्यादा जानकारी साझा नहीं की। बयान के अनुसार, सैन्य अभियान का विस्तार "आतंकवादियों और आतंकी ढांचे के क्षेत्र को कुचलने और साफ करने के लिए किया जाएगा, जबकि बड़े क्षेत्रों पर कब्जा किया जा सके।"

### दक्षिणी राफा से लोगों को बाहर निकलने को कहा

मंगलवार देर रात अरबी मीडिया के लिए इजरायली सेना के प्रवक्ता ने गाजा के दक्षिणी राफा क्षेत्र के निवासियों को अपने घर छोड़ने और उत्तर की ओर जाने का आदेश दिया। सीएनएन ने पिछले महीने ही बताया था कि इजरायल गाजा में एक बड़े जमीनी हमले की योजना बना रहा है, जिसमें एन्क्लेव के एक बड़े हिस्से को साफ करने और उस पर कब्जा करने के लिए हजारों सैनिकों को युद्ध में भेजना शामिल होगा। बुधवार को कैट्ज के बयान में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि गाजा पट्टी के इस विस्तारित अभियान में अतिरिक्त इजरायली सैनिक शामिल होंगे या नहीं। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब इजरायल ने गाजा पट्टी पर हवाई बमबारी जारी रखी है। नासेर अस्पताल और खान यूनिस में यूरोपीय अस्पताल के अधिकारियों के अनुसार, दक्षिणी गाजा में रात भर इजरायली हमलों में कम से कम 17 लोग मारे गए, जबकि दर्जनों घायल हुए हैं। नासेर अस्पताल के अनुसार, मारे गए लोगों में कम से कम 13 लोग - जिनमें महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। मरने वाले लोग राफा क्षेत्र से विस्थापित होने के बाद एक आवासीय घर में शरण लिए हुए थे। अल अवदा अस्पताल के अनुसार, दो लोग मध्य गाजा में एक अलग हमले में मारे गए। इजरायल ने दो सप्ताह पहले गाजा पर अपना आक्रमण फिर से शुरू किया, जिससे हमास के साथ दो महीने पुराना युद्धविराम टूट गया। इजरायल ने पहले से ही गाजा में मानवीय सहायता की पूरी नाकाबंदी कर दी थी।

### गाजा में लंबे समय तक बने रहेंगे इजरायली सैनिक

इजरायल ने चेतावनी दी कि उसके सैनिक गाजा के कुछ हिस्सों में तब तक स्थायी रूप से मौजूद रहेंगे जब तक कि शेष 24 बंधकों की रिहाई नहीं हो जाती, जिनके बारे में माना जाता है कि वे अभी भी जीवित हैं। तब से एन्क्लेव में सैकड़ों फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं। इस बीच संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि गाजा पट्टी में खाद्य आपूर्ति समाप्त हो रही है।

### इजरायली सेना के नए चीफ ने की आक्रामक तैयारी

इजरायली सेना के नये चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल इयाल जमीर के नेतृत्व में इजराइली सेना पिछले कई सप्ताह से गाजा में बड़े पैमाने पर अभियान की योजना बना रही है। इस तरह के निर्णय से इजराइली सेना इस क्षेत्र पर कब्जा कर सकती है और वर्षों तक विद्रोहियों से लड़ सकती है। लेकिन गाजा में लंबे समय तक आक्रमण करने से इजराइली जनता का कड़ा प्रतिरोध भी हो सकता है, जिनमें से अधिकांश लोग युद्ध की वापसी के बजाय बंधकों की रिहाई के लिए समझौते की मांग कर रहे हैं।

## राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की तबीयत बिगड़ी, दिल्ली रेफर



वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा पटना

राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की तबीयत बिगड़ गई है। डॉक्टरों ने उन्हें फौरन दिल्ली जाने की सलाह दी है। वह दो बजे एयर एंबुलेंस से दिल्ली रवाना हो सकते हैं। राजद सूत्रों की मानें तो लालू प्रसाद के ब्लड शुगर के स्तर में वृद्धि के कारण उनकी स्वास्थ्य स्थिति और गंभीर हो गई है। शुगर लेवल बढ़ने के कारण तकलीफ काफी बढ़ गई है। हालांकि, उनकी तबीयत पिछले दो दिन से खराब है। लेकिन, बुधवार सुबह से उनकी तबियत में और भी गिरावट आई। पटना में चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए दिल्ली जाने की सलाह दी है। राजद सूत्र बता रहे हैं कि राजद सुप्रीमो को दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया जाएगा, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा उनका उपचार किया जाएगा। वहीं लालू प्रसाद जल्दी स्वस्थ हो जाएं, इसको लेकर उनके समर्थक लगातार दुआ मांग रहे। बता दें कि सात दिन पहले यानी 26 मार्च को राजद सुप्रीमो पटना के गर्दनीबाग में वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ मुस्लिम संगठनों के धरना-प्रदर्शन में शामिल हुए थे। उनके साथ तेजस्वी यादव भी थे। उस वक्त लालू प्रसाद फिट नजर आ रहे थे। तब उन्होंने मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि हमलोग वक्फ बिल के विरोध में हैं। किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। सरकार गलत कर रही है। नीतीश कुमार उन लोगों के साथ हैं, वो इस बिल का समर्थन कर रहे हैं।

## भारत में प्रेस की स्वतंत्रता पर बोले केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन- विदेशी संगठनों के मंजूरी की जरूरत नहीं




वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा नई दिल्ली

सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन ने बुधवार को लोकसभा में प्रेस की स्तंत्रता और रैंकिंग में गिरावट के तर्क पर उठाए जा रहे सवालों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि भारत में मीडिया स्वतंत्र और सक्रिय रूप से बिना किसी दबाव के काम कर रहें है, जिसे विदेशी संगठनों से मान्यता की जरूरत नहीं है। एल मुरुगन ने कांग्रेस सांसद के सुधाकरन के एक लिखित प्रश्न के जवाब में यह बात कही, जिन्होंने 2024 में वैश्विक प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत की रैंकिंग में गिरावट के बारे में सवाल पूछा था। मंत्री ने कहा भारत में सक्रिय मीडिया प्रणाली है, जिसे विदेशी संगठनों से मान्यता की आवश्यकता नहीं है। बता दें कि मुरुगन का यह बयान रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (आरएसएफ) द्वारा पिछले साल प्रकाशित रिपोर्ट के बाद आया है, जिसमें भारत को पत्रकारों की स्वतंत्रता के मामले में 180 देशों में से 159वां स्थान दिया गया था। केंद्र सरकार द्वारा प्रेस की स्वतंत्रता और पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा के लिए उठाए गए कदमों के बारे में पूछे जाने पर, मंत्री ने बताया कि संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सुरक्षित रखा गया है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि भारत में एक मजबूत न्यायिक प्रणाली है जो संविधानिक प्रावधानों को लागू करने में मदद करती है। इसके साथ ही मंत्री ने यह भी बताया कि प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए काम करता है और शारीरिक हमलों तथा पत्रकारों पर हमलों से संबंधित शिकायतों का समाधान करता है। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रेस की स्वतंत्रता केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियमन) अधिनियम, 1995 के तहत एक स्व-नियामक तंत्र के द्वारा सुनिश्चित की जाती है।

## हम बातचीत के लिए तैयारः नक्सलियों ने सरकार से की संघर्ष विराम की मांग, शाह के दौरे से पहले जारी किया पत्र



वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा जगदलपुर

छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों की लगातार कार्रवाई के बाद अब नक्सलियों ने संघर्ष विराम की मांग की है। पत्र जारी कर कहा गया है कि सरकार अगर ऑपरेशन बंद करने का ऐलान करती है तो नक्सली बात करने को तैयार हैं। दरअसल बीते कुछ महीनों से सुरक्षाबलों की टीमें लगातार ऑपरेशन चला रही हैं जिसमें कई बड़े खूंखार नक्सलियों को जवानों ने ढेर कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नक्सल प्रभावित बस्तर के दौरे से पहले नक्सलियों ने तत्काल युद्ध विराम और सशर्त शांति वार्ता की मांग की है। नक्सलियों के प्रवक्ता अभय की ओर से जारी बयान में केंद्र सरकार से एंटी नक्सल ऑपरेशन को रोकने का आग्रह किया गया है। इसके साथ ही सुरक्षाबलों की वापसी और माओवादी विरोधी अभियानों को रोकने की मांग की गई है। गृह मंत्री अमित शाह चार अप्रैल की शाम रायपुर पहुंचेंगे। अगले दिन पांच अप्रैल को गृह मंत्री शाह नक्सल प्रभावित बस्तर के दंतेवाड़ा जिले के दौरे पर रहेंगे, जहां वे पंडुम महोत्सव के समापन कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। यहां वे मां दंतेश्वरी के दर्शन करेंगे। इसके अलावा एंटी-नक्सल अभियान के ऑपरेशन कमांडरों के साथ संवाद भी करेंगे। छत्तीसगढ़ के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों में नक्सलियों को लग रहे तगड़े झटकों के बीच वे शांति वार्ता के लिए तैयार हो गए हैं। नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी की बैठक के बाद नक्सलियों के प्रवक्ता ने एक पर्चा जारी कर सरकारों से शांति वार्ता की पहल की है। नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी ने कहा कि 15 महीने में हमारे 400 साथियों को मारा गया है। केंद्र और राज्य सरकारें ऑपरेशन रोकें तो हम बात करेंगे।

## सीएम योगी बने शिक्षकः बरेली में बच्चों को अनुशासन और मेहनत की दी सीख

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा बरेली



बरेली में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को नवाबगंज क्षेत्र के अधकटा नजराना में 73 करोड़ की लागत से तैयार अटल आवासीय विद्यालय का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में अटल आवासीय विद्यालय बनाए जा रहे हैं। नई पीढ़ी को इन विद्यालयों से राष्ट्रवाद की शिक्षा मिलेगी। ये विद्यालय राष्ट्रभक्त तैयार करने के साथ ही राष्ट्र निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाएंगे। आवासीय विद्यालय में कुछ देर के लिए मुख्यमंत्री शिक्षक बन गए। उन्होंने बच्चों से सवाल किए। जवाब सुनकर मुस्कुराए और पुरस्कार में टॉफी दी। बच्चों को दुलारते हुए मेहनत करने की सीख दी। मंच पर पांच बच्चों को शैक्षिक किट दी। अभिभावकों को भी नसीहत दी। सीएम ने बच्चों संग सेल्फी भी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश में 100 अटल आवासीय विद्यालयों के निर्माण की योजना शुरू की थी। 16 विद्यालय बनकर शुरू हो गए हैं। बरेली में 17वां विद्यालय बनकर तैयार है। यहां श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा मिलेगी। अभी तक यहां के बच्चे लखनऊ में पढ़ रहे थे। इस वर्ष से छठवीं और नौवीं कक्षा के बच्चे यहां पढ़ने आ गए हैं। जो बच्चे छठवीं से सातवीं और नौवीं से दसवीं में गए हैं, उनको 15 अप्रैल को यहां शिफ्ट किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बच्चों-अभिभावकों से दोतरफा संवाद किया। बरेली की नौवीं कक्षा की दुर्गेश कुमारी से सीएम ने पहले नाम पूछा, फिर बोले- अच्छे से पढ़ाई करना। दुर्गेश ने अपने जवाब से सीएम को आश्वस्त किया। बदायूं के अंशदेव गौतम ने सीएम से कहा कि उन्हें यहां का वातावरण बहुत अच्छा लगा। बदायूं के ही शिवांश ने बताया कि सीएम ने नाम-पता पूछने के साथ ही कक्षा की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अभिभावकों से कहा कि सरकार पर विश्वास रखें। बच्चों को बार-बार घर न बुलाएं। बच्चों से कहा कि अनुशासन में रहिएगा। समय पर जागिए, भोजन लीजिए, खेलकूद और पढ़ाई कीजिए। इसके अलावा कोई और एजेंडा नहीं होना चाहिए। अटल आवासीय विद्यालय परिसर में मुख्यमंत्री ने रुद्राक्ष का पौधा लगाया। विद्यालय प्रांगण में मित्रवन, वेटलैंड संरक्षण वन, विरासत वन, मियावाकी पद्धति का प्रचार करने के लिए वन विभाग ने प्रदर्शनी भी लगाई। मुख्यमंत्री ने अधकटा नजराना के वृहद गो संरक्षण केंद्र पहुंचकर गायों को गुड़ खिलाया। जिम्मेदारों से बोले- हरे चारे की कमी न पड़ने दें। वहीं, इस केंद्र की तस्वीर मंगलवार को बदली दिखाई दी। पहले परिसर में कई जगह गंदगी दिखती थी, पर मंगलवार को सब ठीक मिला। 28 फरवरी से पहले इस गो संरक्षण केंद्र की जिम्मेदारी एक एनजीओ के पास थी। तब डीएम ने खुद यहां की बदहाली देखी थी और एनजीओ से काम छीनकर ग्राम पंचायत को जिम्मेदारी दी गई थी।

## रक्षा मंत्री कैट्ज बोले- गाजा में इस्राइल ने सैन्य अभियान का विस्तार किया, खान यूनिस पर हमलों में 17 मरे

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा यरूशलम



रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज ने बुधवार को कहा कि गाजा पट्टी में इस्राइल का सैन्य अभियान विस्तार कर रहा है। उन्होंने कहा कि फलस्तीनी क्षेत्र में यह आक्रमण आतंकवादियों और उनके बुनियादी ढांचे को नष्ट करने के लिए किया जा रहा है। अभियान के तहत बड़े क्षेत्रों पर कब्जा किया जा रहा है, जिन्हें इस्राइल के सुरक्षा क्षेत्रों में जोड़ा जाएगा। नासिर अस्पताल के अधिकारियों के अनुसार, खान यूनिस शहर पर रातभर हवाई हमलों में 17 लोग मारे गए हैं। कैट्ज ने कहा कि इस्राइल की सुरक्षा परिधि उत्तरी और पूर्वी गाजा में सीमा के साथ लगती है और दशकों से देश की रक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रही है। इसका उपयोग क्षेत्र के पास रहने वाले अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए किया जाता है। रक्षा मंत्री कैट्ज ने गाजावासियों से हमास को खदेड़ने की अपील की, जिसने अभी भी 59 लोगों को बंधक बना रखा है। इन बंधकों में 24 के अभी भी जीवित होने का अनुमान है। हालांकि, शेष बंधकों को युद्धविराम और अन्य समझौतों के तहत रिहा किया जा चुका है। कैट्ज ने बाकी बंधकों को वापस करने को कहा। इस्राइल ने गाजा पट्टी के दक्षिणी शहर खान यूनिस पर रातभर हवाई हमले किए। इन हमलों में 17 लोग मारे गए। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि हवाई हमलों में मारे गए 12 लोगों के शव नासिर अस्पताल लाए गए। मृतकों में पांच महिलाएं और दो बच्चे शामिल थे। मृतक महिलाओं में एक गर्भवती थी। अधिकारियों ने बताया कि हमले में एक परिवार के तीन पुरुष मारे गए हैं। जिस घर पर बमबारी की गई, उसके मालिक की भी मौत हो गई। इसके अलावा, गाजा यूरोपीय अस्पताल को पांच लोगों के शव मिले, जो दो अलग-अलग हवाई हमलों में मारे गए। संयुक्त राष्ट्र ने गाजा में लंबे समय तक भोजन उपलब्ध होने के इस्राइल के दावे को हास्यास्पद बताया। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि गाजा में खाद्य संकट बहुत गंभीर है। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि विश्व खाद्य कार्यक्रम को गाजा में अपनी सभी 25 बेकरी बंद करनी पड़ी, क्योंकि उनके पास खाना पकाने के लिए ईंधन की कमी है। दुजारिक ने कहा कि इस्राइल ने एक महीने पहले गाजा में सभी क्रॉसिंग बंद कर दी थीं, जिससे मानवीय आपूर्ति बंद हो गई।

## अंतरिक्ष से सकुशल लौटने वाली सुनीता विलियम्स को भारत रत्न देने की मांग

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा नई दिल्ली



तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के राज्यसभा सांसद मोहम्मद नदीमुल हक ने बुधवार को नासा अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स के लिए भारत रत्न की मांग की। भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री विलियम्स 18 मार्च को पृथ्वी पर सकुशल लौट आईं। वह अंतरिक्ष में नौ महीने से अधिक समय तक रहीं। सदन में अपने भाषण के दौरान, हक ने कहा कि सुनीता विलियम्स (59) की सफलता पर भारत में हमेशा जश्न मनाया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि विलियम्स को भारत रत्न देना सबसे बड़ा जश्न होगा। इस दौरान उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की उस मांग का भी उल्लेख किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि विलियम्स की उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए भारत के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए। टीएमसी के राज्यसभा सांसद हक ने आगे कहा कि सुनीता विलियम्स की उपलब्धि इसरो को गौरवान्वित करेगी। उन्होंने कहा, 'हम मजबूत भारतीय और गुजराती जड़ों वाले एक सुपर अचीवर के लिए भारत रत्न की मांग करते हैं।' उन्होंने कहा कि 2007 में भारत यात्रा के दौरान सुनीता विलियम्स को सम्मानित किया गया था। तत्कालीन केंद्र सरकार ने उन्हें पद्म भूषण पुरस्कार से भी सम्मानित किया था। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि तत्कालीन गुजरात सरकार विलियम्स का सम्मान नहीं कर सकी। हक ने कहा, 'कुछ दिन पहले सुनीता ने अपने पिता के गृह देश और पैतृक गांव जाने की इच्छा जताई थी। वह गुजरात के मेहसाणा जिले से आती हैं, जहां से प्रधानमंत्री मोदी आते हैं।' अपने भाषण के दौरान, सांसद हक ने गुजरात के एक दिवंगत भाजपा नेता के बारे में कुछ टिप्पणियां कीं। जिस पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और भाजपा के अन्य सदस्यों ने आपत्ति जताई। हस्तक्षेप करते हुए सीतारमण ने कहा, 'सुनीता विलियम्स जैसी मेधावी महिला के लिए भारत रत्न मांगना एक बात है, लेकिन इस प्रक्रिया में आक्षेप लगाना, असंबंधित मुद्दों को तस्वीर में लाना, साथ ही उन लोगों को भी लाना जो अब हमारे बीच नहीं हैं

## नेवी की 'तीसरी आंख' ने कर दिया कमाल, समुद्र के बीच 2500 किलो ड्रग्स हुआ बरामद



वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा नई दिल्ली

भारतीय नौसेना के अग्रणी युद्धपोत आइएनएस तरकश ने पश्चिमी हिंद महासागर में 2,500 किलोग्राम से अधिक ड्रग्स जब्त की है। 31 मार्च को नौसेना को कुछ जहाजों की संदिग्ध गतिविधियों के बारे में सूचना मिली थी। इसके बाद अभियान चलाकर ये ड्रग्स जब्त किया गया। इस ड्रग्स में 2,386 किलोग्राम हशीश और 121 किलोग्राम हेरोइन शामिल है। यह सीलबंद पैकेटों में भरी हुई थी। नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि आसपास के सभी संदिग्ध जहाजों से पूछताछ करने के बाद आइएनएस तरकश ने भारतीय नेवी की तीसरी आंख कहे जाने वाले पी8आइ समुद्री निगरानी विमान और मुंबई में समुद्री परिचालन केंद्र के साथ मिलकर एक संदिग्ध जहाज को रोका। इस दौरान संदिग्ध जहाज की गतिविधियों पर नजर रखने और क्षेत्र में संभावित रूप से संचालित अन्य जहाजों की पहचान करने के लिए अपने हेलीकॉप्टर को भी भेजा। अधिकारी ने बताया कि मरीन कमांडो के साथ एक विशेषज्ञ टीम ने जब संदिग्ध जहाज पर सवार होकर उसकी गहन तलाशी ली तो उसमें कई सीलबंद पैकेट बरामद हुए। उन्होंने बताया कि तलाशी और पूछताछ में पता चला कि जहाज पर विभिन्न कार्गो होल्ड और कंपार्टमेंट में 2,500 किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ रखा हुआ था। प्रवक्ता ने बताया कि संदिग्ध जहाज को बाद में आइएनएस तरकश के नियंत्रण में लाया गया और चालक दल के सदस्यों से उनकी कार्यप्रणाली और क्षेत्र में अन्य समान जहाजों की मौजूदगी के बारे में विस्तृत पूछताछ की गई। बता दें कि आइएनएस तरकश भारतीय नौसेना का एक प्रमुख फ्रिगेट है, जो पश्चिमी नौसैनिक कमान के तहत आपरेट किया जा रहा है।

# अब ज्यादा गर्मी नहीं झेल पाएगा इंसान का शरीर, कब बढ़ेगा खतरा? कनाडा की रिसर्च में चौंकाने वाला खुलासा

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा नई दिल्ली।



देशभर में इस वक्त मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। जल्द ही लोगों को भयंकर गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। अब रिसर्चर ने गर्मी को लेकर अलर्ट किया है, उन्होंने कहा है कि मनुष्यों में पहले की तुलना में अत्यधिक गर्मी सहने की सीमा कम हो सकती है। यह जानकारी दुनिया में मनुष्यों की अत्यधिक गर्मी को झेलने की सीमाओं को समझने में मदद कर सकती है। एक रिसर्च के परिणाम से उन्होंने कहा कि यह शहरों को गर्म दुनिया में गर्मियों के लिए तैयार होने में मदद कर सकता है। कनाडा के ओटावा विश्वविद्यालय में गर्मी को लेकर एक एक्सपेरिमेंट किया गया। कनाडा के ओटावा विश्वविद्यालय की टीम ने 12 स्वयंसेवकों को अत्यधिक गर्मी और ह्यूमिडिटी के संपर्क में रखा, ताकि उस बिंदु की पहचान की जा सके, जिस पर धर्मौरेग्यूलेशन में कैसे कोई व्यक्ति स्थिर शरीर का तापमान बनाए रखने में सक्षम होता है। प्रतिभागियों को 57 प्रतिशत ह्यूमिडिटी के साथ 42 डिग्री सेल्सियस के संपर्क में रखा गया, जो 62 डिग्री सेल्सियस के ह्यूमिडेक्स या 'सच्चे अनुभव' को दर्शाता है।

### क्या कहता है डाटा?

ओटावा विश्वविद्यालय के प्रमुख शोधकर्ता राबर्ट डी मीड ने कहा कि इसके परिणाम स्पष्ट थे। प्रतिभागियों का मुख्य तापमान लगातार ऊपर की और बढ़ता रहा और कई प्रतिभागी नौ घंटे का एक्सपोजर पूरा नहीं कर पाए। यह डाटा थर्मल स्टेप प्रोटोकाल की पहली प्रत्यक्ष मान्यता प्रदान करते हैं, जिसका इस्तेमाल लगभग 50 सालों से धमौरेग्यूलेशन की ऊपरी सीमाओं का अनुमान लगाने के लिए किया जाता रहा है। प्रोसीडिंग्स आफ द नेशनल एकेडमी आफ साइंसेज पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में लेखकों ने लिखा, यह अनुमान लगाया गया था कि हीट स्ट्रोक (40.2 डिग्री सेल्सियस) से जुड़े कोर तापमान 10 घंटे के अंदर हो जाएंगे। घर्मल स्टेप प्रोटोकाल में व्यक्तियों को उनके धीरेग्यूलेशन और जीवित रहने की सीमाओं का आकलन करने के लिए नियंत्रित, बढ़ते तापमान और आर्द्रता के संपर्क में लाना शामिल है। टीम ने कहा कि यह रिसर्च मनुष्यों की अत्यधिक गर्मी को झेलने की सीमाओं को समझने में मदद कर सकती है, जिससे स्वास्थ्य नीतियों और सार्वजनिक सुरक्षा उपायों का मार्गदर्शन हो सकता है और शहरों को अधिक गर्म गर्मियों के लिए तैयार होने में मदद मिल सकती है। अधिक गर्मी और ह्यूमिडिटी के अनुभव होने का अनुमान मीड ने कहा, हमारे निष्कर्ष विशेष रूप से समय पर हैं क्योंकि धर्मरिग्यूलेशन के लिए अनुमानित सीमाओं को बड़े पैमाने पर जलवायु माडलिंग में तेजी से शामिल किया जा रहा है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संदीप कुमार के लिए कसाणा प्रिंटिंग प्रेस, नियर बस स्टैंड भिण्डुसी, तहसील- तिजारा, जिला- अलवर (राजस्थान) पिन कोड- 301405, से मुद्रित तथा 109, धर्मशाला के पास, वीपीओ- हींगवाहेड़ा, तहसील- तिजारा, जिला- अलवर (राजस्थान) पिन कोड- 301411 से प्रकाशित। संपादक, संदीप कुमार Mob- 9414508610 E-mail:- pratigya.alwar@gmail.com पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र अलवर होगा